हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## दिन में रामलला के दर्शन
# रात में मंदिर निर्माण



**ऐसी तैयारी**

- 16 जनवरी से शुरू होगा अनुष्ठान और भजन-कीर्तन
- 15 से 22 तक यूपी के मंदिरों में गूंजेगी रामायण
- दिल्ली के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण
- देशभर में दीपावली मनाने की हो रही तैयारी

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां और तेज हो गई हैं। मुख्य कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा, लेकिन 16 जनवरी से ही दूसरे अनुष्ठान और भजन-कीर्तन शुरू हो जाएंगे।

अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालु दिन में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। रात्रि में मंदिर निर्माण का कार्य चलता रहेगा। रविवार को अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया।

### यूपी के मंदिरों में रामायण पाठ

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले यूपी के जिलों में भगवान राम, भगवान हनुमान के मंदिरों में रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा।

**करोड़ों का कारोबार**

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले सजा बाजार

अलग खबर

# श्रीराम के झंडे, धनुष-बाण, हनुमान का गदा समेत बाजार में भगवा रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अपना पूरा प्रदेश भी राममय हो गया है। एक तरफ अभी से कई कार्यक्रम हो रहे हैं, वहीं बाजार भी श्रीराम के रंग में रंग गया है। बाजार में झंडे, दुपट्टे, टोपी, तोरण, की-रिंग, पेन, धनुष-बाण, बैच आदि सामग्री का जमकर कारोबार हो रहा है। ▶▶|शेष पेज 4 पर





### झंडे, दुपट्टे 10, टोपी 6 से 15 रुपए

बाजार में जो सामग्री बिक रही है, उनमें सबसे अहम झंडा है। झंडा यहां 10 से लेकर 110 रुपए तक का है। सबसे ज्यादा मांग झंडों की ही है। झंडों का स्टॉक जल्द ही समाप्त हो जा रहा है। जहां थोक कारोबारियों से बाहर के चिल्हर कारोबारी झंडे लेकर जा रहे हैं, वहीं कई संस्थाएं भी थोक में झंडे लेकर बांटने के लिए ले जा रही हैं। हजारों की संख्या में झंडे बिक रहे हैं। इसी के साथ ▶▶|शेष पेज 4 पर

श्रीराम के नाम से दुपट्टे, टोपी तोरण और की-रिंग

छत्तीसगढ़ हुआ राममय, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी में उत्साह

### हनुमान का गदा 20 और पूंछ 90 रुपए में

जयश्री राम लिखी सामग्री के साथ हनुमानजी के नाम के सामग्री की भी भारी डिमांड है। हनुमानजी की प्रिंट छपे झंडे भी भारी संख्या में बिक रहे हैं। इसी के साथ हनुमानजी का गदा 20 से लेकर 100 रुपए तक का है। इसके अलावा हनुमानजी की पूंछ 90 रुपए में मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### 8वीं बार जीतीं शेख हसीना पार्टी ने भी बनाई बढ़त

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री और अवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना ने रविवार को हुए आम चुनावों में अपनी सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने गोपालगंज-3 संसदीय सीट पर एक बार फिर शानदार जीत दर्ज की है। देर रात तक आए परिणाम के अनुसार शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग 300 संसदीय सीटों में से 195 पर आगे चल रही थीं। -भीतर भी देखें



### कर्नाटक के ड्राइवर करेंगे बेमियादी हड़ताल

**बेंगलुरु।** हिट एंड रन कानून को लेकर लगता है अभी ट्रक ड्राइवरों का गुस्सा कम नहीं हुआ है। कर्नाटक में ट्रक ड्राइवरों ने 17 जनवरी से बेमियादी प्रदेशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इस बात की घोषणा फेडरेशन ऑफ कर्नाटक लॉरी ओनर्स एसोसिएशन ने शनिवार को की।



### पांच सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन सांसदों को 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। संसद रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को, जबकि संसद महारत्न पुरस्कार लोकसभा में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए जाते हैं।

## लक्षद्वीप में समुद्र तट पर पीएम मोदी की तस्वीर को लेकर नफरतभरे बोल

# पीएम मोदी के खिलाफ कड़वे बोल, मालदीव सरकार का एक्शन, सस्पेंड किए तीन मंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा पर जहर उगलने वाले मालदीव के तीनों मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया गया है। मोहम्मद मुइज्जू की सरकार के ये तीनों मंत्री अपने ही देश में विपक्ष के निशाने पर थे। सस्पेंड होने वाले मंत्रियों में मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान शामिल हैं। इन तीनों ने पीएम मोदी और भारतीयों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

एजेंसी ▶▶| माले

मालदीव सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक मंत्री की 'अपमानजनक टिप्पणियों' से रविवार को किनारा कर लिया। सरकार ने कहा कि ये उनकी व्यक्तिगत राय हैं और वे सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। विपक्षी नेताओं ने मंत्री की इस टिप्पणी की कड़ी निंदा की थी जिसके बाद मालदीव सरकार ने यह बयान जारी किया। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि वे 'विदेशी नेताओं और उच्च पदस्थ लोगों के खिलाफ ▶▶|शेष पेज 4 पर



- मालदीव सरकार ने मंत्रियों के बयान को बताया निजी
- भारत में गुस्सा, सेलिब्रिटी समेत आम लोगों ने जताई नाराजगी

### पीएम मोदी ने किया था लक्षद्वीप का दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में लक्षद्वीप का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने इस दौरे की तस्वीरें ट्वीट की थीं। साथ ही प्रधानमंत्री ने लोगों को लक्षद्वीप टूर के लिए प्रोत्साहित करते हुए लिखा था कि जो लोग रोमांच पसंद ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हेस बॉयकट मालदीव ट्रेंड करने लगा


मालदीव के इन मंत्रियों के बयान पर भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। सेलिब्रिटी से लेकर आम लोगों ने मालदीव की कड़ी आलोचना की थी। भारत में तो सोशल मीडिया पर हेस बॉयकट मालदीव ट्रेंड कर रहा है। कई लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने मालदीव की अपनी यात्रा को स्थगित कर दिया है। मालदीव पूरी तरह से टूरिज्म पर निर्भर है।

### मालदीव सरकार ने दी सफाई

मंत्रियों के बयान पर मामला इतना बढ़ गया कि मालदीव की सरकार को सफाई तक देनी पड़ी। मालदीव की सरकार ने कहा, विदेशी नेताओं और शीर्ष व्यक्तियों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपमानजनक टिप्पणी के बारे में मालदीव सरकार को ज्ञात है। ये विचार निजी हैं और मालदीव सरकार के नजरिए का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

## झारखंड की सरस्वती देवी का ऐसा प्रण

# 30 साल से मौन, 22 को बोलेंगी सीताराम



### राम मंदिर से आया न्योता

राम मंदिर से सरस्वती देवी को अयोध्या रामलला विराजमान दिवस के दिन का निमंत्रण आया है। उनके पुत्र हरिराम अग्रवाल ने बताया कि मां 8 जनवरी को अयोध्या जाएंगी और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगी। आपको बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसको लेकर राम नगरी में तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

अयोध्या। भारत के लिए 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन अयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलला विराजमान होंगे। इधर, झारखंड की रहने वाली सरस्वती देवी भी 22 जनवरी रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन 30 साल बाद अपना प्रण तोड़ेंगी। वे 22 को पहला शब्द सीताराम बोलेंगी। सरस्वती देवी के पुत्र हरिराम अग्रवाल ने बताया कि मां ने अपनी बात लिखकर यह बताई है कि मौन व्रत के बाद पहला शब्द सीताराम-सीताराम बोलेंगी।

## जमकर किया प्रदर्शन

# हसदेव अरण्य को बचाने एक मंच पर साथ आए विपक्षी दल व किसान नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

पेड़ों की कटाई के विरोध में चल रहे हसदेव बचाओं आंदोलन के तहत रविवार को ग्राम हरिहरपुर में संयुक्त मोर्चा ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। हसदेव बचाओ आंदोलन में किसान नेताओं के साथ ही कांग्रेस, आप व अन्य विपक्षी पार्टियों ने हिस्सेदारी निभाई। इस दौरान प्रदर्शन को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

- पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोका काफिला
- आंदोलन का 675 वां दिन



### भाजपा कर रही लूटने का काम : बैज

धरना स्थल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी। कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री को चेहरा बनाकर अदाणी के लिए छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और जमीन को लूटने का काम कर रही है।

### 1000 से अधिक जवानों की तैनाती

धरना स्थल पर एक हजार से अधिक पुलिस बल को तैनात किया गया था। कोरबा, कटघोरा व चोटिया के समीप धरनास्थल की ओर जा रहे लोगों को रोक दिया गया था । पुलिस व प्रशासन की सख्ती के बीच प्रदर्शनकारी एनएच 130 से लगभग तीन किलोमीटर का पैदल सफर कर धरना स्थल पर पहुंचे।





## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने दिए सुझाव

# पीजी मेडिकल में दाखिले के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्नातकोत्तर मेडिकल में दाखिले के लिए काउंसलिंग अब केवल ऑनलाइन माध्यम से होगी। कॉलेजों को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए फीस पहले से घोषित करनी होगी। कोई भी कॉलेज अपने दम पर प्रवेश नहीं दे सकेंगे।



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की ओर से हाल ही में अधिसूचित किए गए स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2023 में यह जानकारी दी गई। विनियम के अनुसार, सभी पीजी सीट के लिए अलग-अलग चरण के परामर्श राज्य या केंद्रीय परामर्श अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। नए नियमों में कहा गया कि चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के खातिर सामान्य काउंसलिंग केवल संबंधित परीक्षाओं की योग्यता सूची के आधार पर होगी।

### 50 बिस्तर वाले अस्पताल भी

छात्रों के बेहतर प्रशिक्षण के खातिर इसके कार्यान्वयन की सुविधा के लिए डिसट्रिक रेजीडेंसी कार्यक्रम (डीआरपी) में एक और बदलाव किया गया है। जिला अस्पताल को पहले 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में परिभाषित किया गया था। डॉ ओझा ने बताया कि नए नियमों में आवश्यकता को घटाकर 50 बिस्तर कर दिया गया है। इसके अलावा कई अन्य बदलाव किए गए हैं।

### परीक्षा प्रणाली में भी कुछ बदलाव

एनएमसी के पीजी मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ विजय ओझा ने बताया कि परीक्षा प्रणाली में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। विश्वविद्यालय परीक्षाओं में रचनात्मक मूल्यांकन और बहुविकल्पीय प्रश्नों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, यह बदलाव परीक्षा में निष्पक्षता लाने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बराबर करने के लिए किया गया है।





## रामभक्तों का भव्य स्वागत, गूंजे जय सियाराम के जयकारे

22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होगा रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# अयोध्या से रामज्योति लेकर काशी पहुंचीं मुस्लिम महिलाएं

एजेंसी ▸▸| वाराणसी

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना है। इस दिन को यादगार बनाने में सभी रामभक्त तैयारी में जुटे हैं। इसी क्रम में काशी की मुस्लिम महिलाएं अयोध्या से रामज्योति लेकर रविवार को काशी पहुंचीं। रास्ते में जौनपुर में कई स्थानों पर रामज्योति यात्रा का



स्वागत किया गया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में रामज्योति लाने के लिए शनिवार को यह यात्रा अयोध्या के लिए रवाना हुई। रविवार को नाजनीन अंसारी एवं डॉ. नजमा परवीन जब राम मंदिर के महंत शम्भू देवाचार्य से रामज्योति लेकर अयोध्या से वाराणसी के लिए चलीं तो जौनपुर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। रामज्योति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। जौनपुर की सीमा में रामज्योति यात्रा के प्रवेश करने पर विशाल भारत संस्थान के जिला चेयरमैन नौशाद अहमद दूबे एवं हिन्दू मुस्लिम संवाद केंद्र के जिला कोऑर्डिनेटर अल्लाउद्दीन भुल्लन ने अगवानी कर वाराणसी की सीमा तक पहुंचाया।

## परिवहन निगम की बसों में बजेंगे राम भजन

लखनऊ। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे यूपी सहित पूरे देश में एक अलग तरह का माहौल है। गांवों और शहरों में शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। भजन-कीर्तन हो रहे हैं। इसी क्रम में यूपी के सीएम योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने 22 जनवरी को होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत 22 जनवरी तक सभी बसों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम में राम भजन बजाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। भगवान राम से जुड़े भजनों में विभिन्न कलाकारों के प्रसिद्ध भजनों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय गायकों के राम भजनों को भी इसमें स्थान मिल सकता है।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल ने भाजपा पर 'आदिवासी विरोधी' होने का लगाया आरोप


**नेत्रंग (गुजरात)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने



भाजपा पर आदिवासी-विरोधी होने का आरोप लगाया और दावा किया कि आम आदमी पार्टी के गुजरात के विधायक चैतर वसावा को पिछले महीने इसलिए गिरफ्तार किया गया था, क्योंकि उन्होंने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी। पंजाब के भरूच जिले के नेत्रंग में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि वसावा अगले कुछ महीनों में होने वाले आम चुनावों में भरूच लोकसभा सीट से आप के उम्मीदवार होंगे।

### पाकिस्तान : पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी अयोग्य घोषित

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी



के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को एक चुनाव न्यायाधिकरण ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए ''अयोग्य'' घोषित कर दिया है। 'द न्यूज इंटरनेशनल' की रिपोर्ट के अनुसार, एक अपीलीय चुनाव न्यायाधिकरण ने शनिवार को कुरैशी के नामांकन पत्र को अस्वीकार किए जाने के खिलाफ उनकी अपील को खारिज कर दिया। हालांकि, अपीलीय चुनाव न्यायाधिकरण ने 67 वर्षीय कुरैशी को सिंध के उमरकोट शहर में एनए-214 निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की मंजूरी दे दी।

### झारखंड के चतरा में पांच माओवादी गिरफ्तार

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को



यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने कहा कि शनिवार शाम को टंडवा थानान क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए एक अलग समूह तृतीया सम्मेलन प्रस्तुति समिति से जुड़े पांच लोगों में एक 'उप-क्षेत्रीय कमांडर' भी शामिल था। उन्होंने बताया कि 'कमांडर' की पहचान आदेश कुमार गंझू उर्फ 'प्रभाकर जी' के रूप में हुई है।

## 'इंडिया' गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर जमकर घमासान

# कभी यूपी में खींचतान तो कभी बंगाल में, न चेहरा तय न मुद्दे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में सभी 19 दल जुट गए हैं। अब तक सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया ब्लॉक की चार बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन कभी यूपी में खींचतान नजर आती है तो कभी बंगाल में। न चेहरा तय हो पाया है ना मुद्दे। पिछली बैठक में तय हुआ था कि 31 दिसम्बर तक सीटों शेयरिंग पर आखिरी फैसला हो जाएगा लेकिन नए साल के आज सात दिन गुजर चुके हैं लेकिन इंडिया ब्लॉक में सीटों पर कोई फैसला नहीं हो पाया है। लोकसभा में 136 सीट और राज्यसभा में 90 सीटों का दम रखने वाले इंडिया ब्लॉक में लगातार मतभेद निकलकर सामने आ रहे है। बडे नेता चुप्पी साधे हुए है लेकिन दूसरी पांत के नेताओं में सीट को लेकर खुला घमासान दिख रहा है। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कुल 42 सीटें है कांग्रेस 6-10 सीटें चाहती है। लेकिन टीएमसी दो सीटों पर ही राजी दिखती है। सीट शेयरिंग का मसला सबसे ज्यादा पेचीदा बंगाल में ही है।

### कांग्रेस आज आप पार्टी के साथ करेगी बैठक



### यूपी से बिहार तक अड़चन

इधर यूपी को लेकर कहा जा रहा है कि यहां कांग्रेस 40 सीटों की मांग कर सकती है जबकि समाजवादी पार्टी 10 से 15 सीटों से ज्यादा देने के मूड में नहीं लगती। महाराष्ट्र में शिवसेना 23 सीटों पर चुनाव लडना चाहती है, जबकि कांग्रेस यहां 16-20 सीटें चाहती है। इनके अलावा पंजाब और दिल्ली में आप पार्टी के साथ गतिरोध है। पंजाब में 10 और दिल्ली में 7 सीटे हैं, यानी कुल 17 सीटें हैं। इसे लेकर रस्साकशी है। यूपी जैसा ही मामला बिहार का भी है। हालांकि यहां कांग्रेस आरजेडी और जेडीयू के बीच आपसी समझदारी ठीक दिखती है। यहां लेफ्ट दल भी सीट की उम्मीद कर रहे हैं।

### आप पार्टी के साथ आज औपचारिक बातचीत

*पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को लेकर औपचारिक बातचीत सोमवार से शुरू होगी। सीट-बंटवारे पर कांग्रेस की पांच सदस्यीय समिति पहले ही प्रदेश कांग्रेस प्रमुखों के साथ आंतरिक परामर्श कर चुकी है और अपने निष्कर्ष पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप चुकी है। इस समिति के संयोजक मुकुल वासनिक और वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और भूपेश बघेल सदस्य हैं। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि सोमवार को दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस की सीटों के बंटवारे पर बात होगी। कल दिल्ली में होने वाली बैठक में आप की तरफ से सांसद संदीप पाठक, कैबिनेट मंत्री अतिशी और सौरभ भारद्वाज शामिल होंगे। इस दौरान सीटों के बंटवारे पर बात होगी।*


### अधिक गतिरोध वाले राज्य

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सीट बंटवारा समिति के सदस्यों को अन्य दलों के साथ सीट बंटवारे पर काम करने की जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस का तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल (यूनाइटेड), झारखंड में झामुमो और असम में अन्य पार्टियों के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन है, लेकिन प्रमुख राज्यों में कुछ मुख्य दलों के साथ उसका कोई गठबंधन नहीं है। इनमें से सबसे अधिक गतिरोध वाले राज्यों में केरल, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पंजाब शामिल हैं, जहां 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे की व्यवस्था की कठिनाई को पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने स्वीकार किया है।

## एम्स दिल्ली के डॉक्टरों का बड़ा कारनामा

# बिना बेहोश किए छोटी बच्ची की ब्रेन की सर्जरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने एक बार फिर बड़ा कारनामा कर दिखाया है। यहां के डॉक्टरों ने पांच साल की एक बच्ची के ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी उसे होश में रखते हुए की है। एम्स का दावा है कि यह अक्षिता नाम की यह लड़की इस तरह से ब्रेन ट्यूमर के सफल ऑपरेशन से गुजरने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की मरीज है। बच्ची अब पूरी तरह से ठीक है और सोमवार (8 जनवरी) को उसे घर भेज दिया जाएगा। एम्स का कहना है कि लेफ्ट पेरिसिल्वियन इंट्राएक्सियल ब्रेन ट्यूमर के लिए 'अवेक क्रैनियोटॉमी' सर्जरी को डॉक्टरों ने 4 जनवरी को अंजाम दिया था। सर्जरी तीन घंटे तक चली, जिसमें न्यूरोएनेस्थेटिस्ट की ओर से बच्ची को लोकल एनेस्थीसिया देने में लगा समय भी शामिल है। ऑपरेशन करने वाली टीम की अगुवाई डॉ. मिहिर पांडिया और डॉ. ज्ञानेंद्र पाल सिंह ने की।

**बच्ची ने किया पूरा सहयोग :** डॉक्टरों का कहना है कि इस ऑपरेशन प्रक्रिया के दौरान बच्ची ने बहुत सहयोग किया। बच्ची पूरी सर्जरी के दौरान मुस्कुराती रही. डॉक्टर की टीम उससे बात भी करती रही। वह लेटे-लेटे कई तरह की एक्टिविटी में भी बिजी रही।बच्ची पहली कक्षा की छात्रा है।

### इस तरह की गई सर्जरी

न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर डॉ. दीपक गुप्ता का कहना है कि, "ब्रेन ट्यूमर के लिए अवेक सर्जरी आमतौर पर ज्यादा से ज्यादा ट्यूमर को हटाने और न्यूरोलॉजिकल नुकसान को कम करने के लिए की जाती है। अवेक क्रैनियोटॉमी के दौरान मरीजों को न्यूनतम स्तर का दर्द महसूस होता है। इसमें मरीज न्यूरोलॉजिकल परीक्षणों में पूरी तरह से सहयोग करने में सक्षम होता है। इस विधि को अवेक क्रैनियोटॉमी कहा जाता है। इस तरीके में सामान्य एनेस्थीसिया के तहत अन्य ऑपरेशनों की तुलना में सर्जिकल और एनेस्थीसिया टीमों के बीच अधिक सहयोग की जरूरत होती है।

# बांग्लादेश में कम मतदान, हसीना का सत्ता में लौटना लगभग तय

## मुख्य विपक्षी दल बीएनपी ने किया है आम चुनावों का बहिष्कार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बांग्लादेश में 12वें राष्ट्रीय संसद के लिए शाम चार बजे मतदान समाप्त हो गया। हालांकि सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की उपस्थिति काफी कम रही। राजधानी ढाका में मतदाताओं की संख्या विशेष रूप से कम देखी गई। देश के चुनाव आयोग के सचिव जहांगीर आलम के मुताबिक, सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक चार घंटे में सिर्फ 18.5 फीसदी वोट पड़े, जबकि दोपहर 3 बजे तक 27.15% मतदान हुआ, जबकि 2018 में पिछले चुनाव में कुल मतदान 80% से अधिक हुए थे। सुबह 8 बजे मतदान शुरू होने के कुछ मिनट बाद हसीना ने अपनी बेटी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ



ढाका के सिटी कॉलेज में मतदान किया। शुरुआती नतीजे सोमवार सुबह आने की उम्मीद है। मतदान के बाद हसीना ने कहा, "बांग्लादेश एक संप्रभु देश है और लोग मेरी ताकत हैं।" उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी पार्टी लोगों का जनादेश जीतेगी, जो 1996 के बाद से इसे पांचवां कार्यकाल देगी।

### चौथी बार जीतने की उम्मीद

प्रधानमंत्री हसीना की सत्तारूढ़ आवामी लीग के लगातार चौथी बार जीतने की उम्मीद है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया (78) की पार्टी बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है। खालिदा भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद घर में नजरबंद हैं। बीएनपी ने शनिवार से 48 घंटे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। जो 27 राजनीतिक दल चुनाव लड़ रहे हैं उनमें विपक्षी जातीय पार्टी भी शामिल है। बाकी सत्तारूढ़ अवामी लीग की अगुवाई वाले गठबंधन के सदस्य हैं जिसे विशेषज्ञों ने ''चुनावी गुट'' का घटक सदस्य बताया है।

## बोरीवली इलाके में छापेमारी

# एटीएस का बड़ा एक्शन रेड के दौरान 6 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एटीएस ने बड़ी छापेमारी की है। रविवार दोपहर मुंबई के बोरीवली इलाके में एटीएस ने छापेमारी की है। इस दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके पास से 4 बंदूक भी बरामद की गई है। बताया जाता है कि



गिरफ्तार किए गए सभी लोग दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सभी 6 व्यक्ति एक बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मुंबई आए थे। महाराष्ट्र एटीएस ने इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मुंबई के बोरीवली इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस में छापा मारा गया और यहां से 6 लोगों की गिरफ्तार किया गया। एटीएस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास तीन बंदूके और 36 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। एटीएस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

# टीएमसी नेता चौधरी की हत्या, बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने मारी गोली

## पश्चिम बंगाल में गरमाई सियासत

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता सत्येन चौधरी की रविवार को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। यह मामला बहरामपुर इलाके का है। जानकारी के मुताबिक घटना के तुरंत बाद सत्येन चौधरी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने टीएमसी नेता को मृत घोषित



कर दिया। पुलिस के पास दर्ज बयानों के मुताबिक कुछ बाइक सवर अज्ञात लोग आए और ताबड़तोड़ हमले कर भाग गए। ऐसा माना जाता है कि सत्येन चौधरी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के काफी करीबी रहे हैं, बाद में वह टीएमसी में शामिल हो गए।

### तनाव पैदा करने की कोशिश

स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता और बहरामपुर नगर पालिका के अध्यक्ष नारुगुपाल मुखोपाध्याय ने कहा कि हत्या स्थानीय गुंडों की करतूत है, जिन्हें कांग्रेस और सीपीआई-एम दोनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, "आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इलाके में तनाव पैदा करने के लिए यह हत्या जानबूझकर की गई थी।" मुर्शिदाबाद के जिला पुलिस अधीक्षक सूर्य प्रताप यादव ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

SHIVA EMBROCATION OIL
असली घोड़ा छाप तेल
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

## एलओसी पर बढ़ेगी भारत की ताकत

# बीआरओ ने बनाई अरुणाचल में चीन सीमा के पास सड़क



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत लगातार चीन सीमा के पास तेजी से सड़कों का निर्माण कर रहा है। बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास सेला सुरंग और एलजीजी-दमतेंग-यांगस्टे (एलडीवाय) सड़क पर हाई क्वालिटी तकनीक का इस्तेमाल किया है। बीआरओ ने स्वदेशी सड़क निर्माण तकनीक का उपयोग किया है। भारत के सबसे पुराने और प्रमुख रोड रिसर्च आर्गेनाइजेशन सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक 'रिजुपावे' कम और जीरो डिग्री तापमान में भी सड़कों के निर्माण में फायदेमंद है।

### चुनौतीपूर्ण कार्य

अरुणाचल प्रदेश में सीमावर्ती क्षेत्रों में उच्च ऊंचाई वाली बिटुमिनस सड़कों का निर्माण और रखरखाव नार्थ ईस्ट में बीआरओ के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। सर्दियों के महीनों के दौरान, बिटुमिनस सड़कों के निर्माण का अधिकांश काम या तो रुक जाता है या इसमें देरी हो जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क निर्माण के लिए गर्म बिटुमिनस मिक्सचर के उत्पादन के लिए हॉट मिक्स प्लांट में हाई टेम्परेचर पर हीटिंग समय में देरी लगती है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

रायपुर
सोमवार, 8 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 22, अंक : 172
पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 16.7

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



03 इमेज को लेकर हुईं कॉन्शस

विचार पेज
02 ग्लोबल वार्मिंग से निपटे भारत




# अंधेरा चीरकर पहली बार कारगिल में उतरा विशालकाय 'हरक्यूलिस'!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खास खबर

भारतीय वायुसेना ने कारनामा करते हुए बड़ी सफलता को अपने नाम किया है। भीषण ठंड और रात के घने अंधेरे में वायुसेना ने सी-130जे सुपर हरक्यूलस विमान को कारगिल की हवाई पट्टी पर उतारने में सफलता हासिल की है। इस दौरान वायुसेना के कमांडो को भी विमान में बैठाकर कारगिल भेजा गया। वायुसेना ने इस सफल कारनामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वायुसेना ने एक ट्वीट में कहा, पहली बार वायुसेना के सी-130जे विमान ने कारगिल हवाई पट्टी पर रात के समय लैंडिंग की है। इस अभ्यास के दौरान टरेन मास्किंग को अंजाम देते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया है। बता दें कि टरेन मास्किंग एक ऐसी सैन्य रणनीति है, जिसमें दुश्मन की रडार से बचने के लिए पहाड़ों और जंगलों जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है।

अमेरिका निर्मित सी-130जे दुनिया का सबसे बड़ा मालवाहक विमान है। 2008 में भारत ने इन्हें खरीदा था और 2011 में औपचारिक तौर पर ये वायुसेना में शामिल हुए। ये विमान केवल 14 मिनट में 28,000 फीट की ऊंचाई पर जा सकता है। अपने साथ 70,000 किलोग्राम से ज्यादा का वजन लेकर ये 22,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ सकता है।

**2008** में भारत ने खरीदा 2011 में वायुसेना में शामिल

**14** मिनट में 28,000 फीट की ऊंचाई पर जाने में सक्षम

**70,000** किलो से ज्यादा का वजन ले जाने की क्षमता

**22,000** फीट की ऊंचाई तक उड़ान

**60** से ज्यादा देश करते हैं इनका इस्तेमाल

## दुनिया का सबसे बड़ा मालवाहक विमान



### अब रात में भी चीन-पाक से हो सकेगी सुरक्षा

दरअसल, कारगिल चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है। सर्दियों में होने वाली बर्फबारी से यहां का मौसम बेहद खराब हो जाता है। ऐसे में रात के समय यहां पर लैंडिंग करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। इसके अलावा चीन के लिहाज से भी लद्दाख में स्थित यह इलाका बेहद संवेदनशील है। यहां वायुसेना के साथ भारतीय थलसेना भी बेहद सक्रिय रहती है। इस हिसाब से ये सफलता रणनीतिक रूप से भी अहम मानी जा रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी का 8 से 10 तक गुजरात दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ से 10 जनवरी तक गुजरात में रहेंगे। इस दौरान वह वैश्विक नेताओं, सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन-2024 का उद्घाटन करेंगे। 2003 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में वीजीजीएस की परिकल्पना की गई थी।



### टेंपो पलटने से तीन मजदूरों की मौत, 11 घायल

**जयपुर।** रोहट थाना क्षेत्र में लोडिंग टेंपो के पलट जाने से उसमें सवार महिला सहित तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि 11 घायल हो गए। सीमेंट मिक्सर और 14 मजदूरों को लेकर जा रहा लोडिंग टेंपो टायर फटने से पलट गया। घटना में गाड़ी में सवार धन्नाराम (30), मीना ऊर्फ वीणा (33) और मुकेश (20) की मौत हो गई।



### सरपंच समेत दो रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक दल ने टोंक के मालपुरा के सीतारामपुरा ग्राम पंचायत समिति के सरपंच और उसके बिचौलिए को एक व्यक्ति से कथित रूप से 1.80 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी कंपनी बालाजी ट्रेडर्स ने सीतारामपुरा ग्राम पंचायत में 2022-23 में कुछ सामग्री आपूर्ति की थी।



### ट्रेन की चपेट में आकर हाथी की मौत

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले में ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई। यह दुर्घटना शनिवार देर रात गिबॉन वन्यजीव अभयारण्य के पास उस समय हुई, जब जंगली हाथियों का एक झुंड गुजर रहा था और उनमें से एक हाथी विवेक एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। अधिकारी ने कहा, ''हाथी ट्रेन के इंजन के नीचे आ गया।



नहीं बनी पदाधिकारियों के निर्विरोध चयन पर सहमति, एक माह में चुनाव का फैसला किया जाएगा

# सराफा एसोसिएशन की सभा में जमकर हंगामा
# चुनाव ही होगा, 30 साल में ऐसी नौबत दूसरी बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सबसे पहले

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए राजधानी रायपुर के जैनम भवन में बुलाई गई आम सभा में दोपहर से लेकर रात तक जमकर हंगामा और घमासान होता रहा। हमेशा की तरह आम सहमति से पदाधिकारियों के चयन का प्रयास किया गया, लेकिन इसका भारी विरोध किया गया और कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया का विरोध किया और चुनाव से ही पदाधिकारियों के चयन की बात रखी। इसी के साथ मतदाता सूची को लेकर भी भारी हंगामा किया गया।

आम सभा में नारे भी लगे कि अब नहीं सहिबो बदल के रहिबो। पहली बार बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कारोबारियों के एक होने के कारण आम सहमति ने पदाधिकारियों का चयन नहीं हो सका। अंत में फैसला किया गया, पंजीकृत 78 सदस्य संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक करके एक माह में चुनाव कराने ⏭ शेष पेज 4 पर

## जैनम भवन में दोपहर से रात तक होता रहा घमासान




छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में होगा घमासान


अब नहीं सहिबो, बदल के रहिबो

### नए सदस्य के चुनाव लड़ने पर विवाद

आम सभा में इस बात को लेकर भारी विवाद हुआ कि एक नए सदस्य को साल भर भी नहीं हुआ है और वो चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके लिए संविधान का हवाला दिया गया, लेकिन इसको नहीं माना गया। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी का आरोप था कि पदाधिकारी कभी कुछ कहते हैं कभी कुछ कहते हैं। अंत ⏭ शेष पेज 4 पर

### आम सभा में लगातार हंगामा

पहले सत्र में के बाद दोपहर को दूसरे सत्र में आम सभा प्रारंभ हुई। इसमें पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने तीन सालों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद चुनाव को लेकर आम सभा में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन करने का प्रयास हमेशा की तरह किया गया, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। बिलासपुर से अध्यक्ष पद के दावेदार कमल सोनी और उनके समर्थकों ने चुनाव प्रक्रिया का विरोध किया और आरोप भी लगाया कि बिना मतदाता सूची के इसी तरह से मनमर्जी करके पदाधिकारियों का चयन कर दिया जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। चुनाव पूरी प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। आम सभा के बाद तत्काल चुनाव को लेकर भी विरोध किया गया और मांग रखी गई कि पहले चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाए और उनको समय भी दिया जाए कि वे मतदाताओं से संपर्क कर सकें। ऐसे में चुनाव की तिथि आम सभा से हटकर तय करने का मांग रखी गई। लगातार मांगों और आरोपों के बीच रात तक हंगामा होता रहा।

बाइक से पहुंचे दो नकाबपोश

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष को बाजार में मारी गोली, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारतीय जनता पार्टी कांकेर जिला के उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत पखांजुर के पूर्व अध्यक्ष असीम राय को पखांजुर के पुराना बाजार में 7 जनवरी की रात सवा 8 बजे मोटर सायकल से पहुंचे दो नकाबपोश ने सिर पर गोली मारकर भाग गए। सिर पर गोली लगने से उनकी मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही हजारों लोगों का हुजूम सिविल अस्पताल में जुट गए।





जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के कांकेर जिला के उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत पखांजुर के पूर्व अध्यक्ष असीम राय पुराना बाजार में एक मिठाई दुकान में बैठे थे। दुकान से बाहर सड़क की तरफ निकले, तभी ताक लगाए दो नकाबपोश युवक आए। एक युवक ने उनके सिर पर गोली दागी और मोटर साइकिल से भाग गए। गोली लगते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और सिविल अस्पताल पखांजुर लेकर गए। सिविल अस्पताल पखांजुर के चिकित्सकों ने देखकर मृत घोषित कर दिया। असीम राय पूर्व मंत्री ⏭ शेष पेज 4 पर

### घटनास्थल पर लगा है कैमरा

पखांजुर के लोगों का कहना है कि घटनास्थल के पास कैमरा लगा हुआ है। कैमरे में गोली मारने वालों की तस्वीर कैद हुई है या नहीं, अभी पुलिस इस पर कुछ भी नहीं बता रही है। सर्मथकों का हुजूम अस्पताल के बाहर समाचार लिखे जाने तक लगा हुआ था।

मौसम का ट्रिपल अटैक

# कोहरे और शीतलहर की मार के बीच बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर भारत के तमाम इलाकों में जनवरी के शुरुआती दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोहरे, शीतलहर की मार के बीच कई राज्यों में हुई बारिश ने कंपकपी और ज्यादा बढ़ा दी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में दोपहर के वक्त भी ठीक से धूप नहीं हो रही है। घने कोहरे की वजह से ट्रेनें और फ्लाइट्स भी देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक घना कोहरा रहने तथा कई राज्यों में बारिश की भी संभावना व्यक्त की है।

### डल झील के ऊपर बनी बर्फ की पतली परत

कश्मीर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। डल झील और कश्मीर के दूसरे जलाशयों की सतह पर बर्फ की पतली परत बन गई है। शुक्रवार रात घाटी के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 0 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया।

### छत्तीसगढ़ में समान्य से अधिक तापमान

पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में 10-12 डिग्री सेल्सियस रहेगा। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के शेष भाग में 13-15 डिग्री से अधिक रहेगा।

# प्रशासनिक सर्जरी में अनुभव और योग्यता का पैमाना, गंभीर मंथन के बाद तैयार हुई लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के गठन के करीब 20 दिनों बाद सरकार ने पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी पिछले दिनों 3 जनवरी को की, जिसमें 88 अधिकारियों के तबादले और नई पोस्टिंग की गई है। खास बात ये है कि जिन ⏭ शेष पेज 4 पर



» साय सरकार की पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

» आईएएस के तबादलों से संदेश देने का प्रयास



### सर्जरी में दिया गया संदेश

गौरतलब है कि पिछली सरकार में कुछ अधिकारियों पर आरोप लगता रहा कि सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे थे, उन्हें उन जगहों से हटाकर दूसरी जगह पदस्थ ⏭ शेष पेज 4 पर

### जो अफसर जिस योग्य उन्हें वही जिम्मेदारी

कुछ दिन पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार ने 88 अफसरों का प्रशासनिक तबादला किया। इस तबादले के साथ ही नई सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अफसर निष्पक्ष होकर जनता के लिए काम करें, न कि किसी पार्टी विशेष के लिए। इन प्रशासनिक तबादलों में ⏭ शेष पेज 4 पर

# डॉ. पूर्णेन्दु को फिर आरएसएस के प्रांत संघचालक की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की महत्वपूर्ण तीन दिवसीय बैठक अग्रसेन भवन दुर्ग में हुई। बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्वाचन की प्रक्रिया भी पूरी की गई। छत्तीसगढ़ के प्रांत संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना को तीन साल के लिए पुनः दायित्व दिया गया है। इस बैठक में आरएसएस से जुड़े सभी अनुषांगिक संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी बैठक में उपस्थित थे।



बैठक में वार्षिक कार्ययोजना तैयार की गई। संघ में प्रत्येक तीन साल के लिए दायित्व सौंपे जाने की परंपरा है। प्रांत संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना को पुनः प्रांत संघचालक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टोपलाल वर्मा सह संघचालक बनाए ⏭ शेष पेज 4 पर

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुस्लिम महिला के केस में सुनाया बड़ा फैसला

# तलाकशुदा दोबारा शादी के बाद भी गुजारा-भत्ता की हकदार

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिला के गुजारे भत्ते के संबंध में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ किया है कि ऐसी महिला दोबारा शादी के बाद भी गुजारा-भत्ता पाने की हकदार है। कोर्ट ने इस हक के लिए मुस्लिम वुमेन (प्रोटेक्शन ऑफ राइटस ऑन डायवोर्स) ऐक्ट 1986 (एमडब्ल्यूपीए) के प्रावधान को आधार बनाया है। कोर्ट ने केस से जुड़े तथ्यों पर विचार करने के बाद कहा कि मुस्लिम महिलाओं के हक को सुरक्षित करने के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर

### एकमुश्त चार लाख रुपए देने का निर्देश

कोर्ट ने पति को महिला और उसकी बेटी को एकमुश्त चार लाख रुपये देने का निर्देश दिया। मजिस्ट्रेट कोर्ट के इस आदेश को पति ने सत्र न्यायालय में चुनौती दी। उसकी पत्नी ने भी गुजारा भत्ता बढ़ाने की मांग की। सत्र न्यायालय ने गुजारा भत्ते की रकम को बढ़ाकर 9 लाख कर दिया, जिसके खिलाफ पति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की।



**बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला:** याचिकाकर्ता (पति) की वकील ने कहा कि महिला ने दोबारा शादी की है, ऐसे में उसे गुजारा भत्ता नहीं दिया जा सकता। महिला ने अपने दूसरे पति से भी तलाक ले लिया है। इसलिए उसे दूसरे पति से गुजारा भत्ता मांगना चाहिए, न कि पहले पति से। मेरे मुवक्किल ने तीसरा विवाह किया है। उस पर पत्नी और चार बच्चों की जिम्मेदारी है।

### दंपती ने 9 फरवरी 2005 को किया था विवाह

केस से जुड़े दंपती ने 9 फरवरी 2005 को विवाह किया था। दंपती को एक बेटी है। महिला का पति नौकरी के लिए सउदी अरब गया था। सुसराल वालों से परेशान होकर महिला साल 2007 में अपने माता-पिता के घर चली आई। अप्रैल 2008 में उसके पति ने पोस्ट से भेजकर उसे तलाक दे दिया। शुरू में महिला ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता के लिए अर्जी की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

चिंतन

# अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा को समझे मालदीव

भारत को अपने किसी भी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने व उसके महत्व को प्रचारित करने का संप्रभु हक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप में स्नॉर्कलिंग की अपनी तस्वीर शयर करते हुए भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने जाने की अपील की। इसमें किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए? भारत की अपनी आबादी ही इतनी है कि किसी भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए काफी है। भारत अपने सभी पड़ोसियों का ध्यान रखता आया है। एक छोटे द्विपीय देश होने के नाते मालदीव अपनी सुरक्षा के लिए आज भी भारत पर भौगोलिक रूप से निर्भर है। ऐसे में चीनी प्रभाव वाले दल की सरकार की नेता का अंतरराष्ट्रीय नियमों के विपरीत जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का मजाक उड़ाना मालदीव के लिए ही खतरा लेकर आएगा। उन्हें अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। चीनपरस्त मालदीव सरकार को पाकिस्तान, श्रीलंका, कई अफ्रीकी देशों की चीन से दोस्ती के चलते बिगड़ी अर्थव्यवस्था को देखते हुए सबक लेना चाहिए। भारत अगर अपने पर्यटन स्थल की बात करता है तो इसमें मालदीव के नेताओं को ऐतराज क्यों होना चाहिए? मालदीव को अपने पर्यटन पर भरोसा होना चाहिए। यह भी सही है कि मालदीव का पर्यटन भारतीय उद्यमियों व पर्यटकों पर अधिक टिका हुआ है। पीएम मोदी का प्रयास लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने का है। मालदीव सरकार ने बेशक अपने मंत्री के बयान से किनारा किया है, लेकिन उसे नहीं भूलना चाहिए कि भारत से उसका संबंध बहुत पुराना है। भारत से बैर कर मालदीव का ग्लोबल अर्थव्यवस्था में टिके रहना मुश्किल होगा। चीनी शह में मालदीव की मुइज्जू सरकार बेशक भारत विरोधी हो जाए, लेकिन भारत के पीएम का मजाक उड़ाने का हक उस सरकार की मंत्री को कतई नहीं है। भारत के आंतरिक मामले में मालदीव सरकार के किसी मंत्री को किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई किसी भी अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी अशोभनीय व निंदनीय है। भारत इसकी निंदा करता है। मालदीव को आतिथ्य, सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों का ध्यान रखना चाहिए। भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल के लिए सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो उनकी लगभग 70% रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। मालदीव के अड्डू में भारत की सहायता से एक ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन और पुनर्वास केंद्र तैयार किया गया है। यह केंद्र स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, मत्स्य पालन, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही 20 विकास परियोजनाओं में से एक है। भारत-मालदीव संबंधों को तब से क्षति पहुंची है, जब मालदीव ने वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। श्रीलंका, पाकिस्तान तथा मालदीव जैसे देशों में चीन की बढ़ती उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय जरूर है, पर वह सतर्क है। इन क्षेत्रों में चीनी-नियंत्रित बंदरगाहों एवं सैन्य सुविधाओं का विकास भारत के रणनीतिक हितों व क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती है। दक्षिण एशिया और हिंद महासागर की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को हिंद-प्रशांत सुरक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभानी चाहिए।



विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटे भारत

कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। भारत को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का अभियान जारी रखना चाहिए।

बीते महीने दिसंबर की 14 तारीख को दुबई में यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ का 28वां सत्र सम्पन्न हुआ, जिसे कॉप-28 के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई, लेकिन इस सम्मेलन के अंतिम समय में एक ऐसी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है, जिससे पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन से राहत की एक बड़ी उम्मीद जगी है। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक उष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं।लगभग एक शताब्दी में पेट्रोलियम तेल और गैस का उपयोग 82.34 गुना और कोयले का उपयोग 4.56 गुना बढ़ा है, लेकिन इसमें भी विकसित देशों का योगदान विकासशील देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हम समझ सकते हैं कि विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी कहीं अधिक अनुपात में बढ़ा है।

आधुनिकीकरण और विकास के नाम पर वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आर्थिक संवृद्धि के और जीडीपी में ग्रोथ के नाम पर औद्योगिक उत्पादन भी भारी मात्रा में बढ़ा है। आज लोग ज्यादा और ज्यादा चीजों का उपभोग करने लगे हैं, जो पूर्व की तुलना में कई सौ गुणा ज्यादा है। वाहनों, उद्योगों, कृषि आदि के परिचालन में पेट्रोलियम पदार्थों सरीखे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है व इस कारण ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ी है।

पिछली एक शताब्दी में वाहनों, विद्युत उत्पादन, औद्योगिक कार्यों और कृषि समेत अनेकानेक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन यानि पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला इत्यादि का उपयोग लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2), मीथेन (सीएच 4), नाइट्रस ऑक्साइड (एन 2ओ), हाइड्रोफ्लूरोकार्बन (एचएफसी), परफ्लूरोकार्बन (पीएफसी), सल्फर



हेक्साफ्लोराइड (एसएफ 6) का उत्सर्जन भी बढ़ा। इससे विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। समुद्र स्तर बढ़ने के कारण तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने स्थान से विस्थापित हो रहे हैं, कहीं अल्प वृष्टि तो कहीं अति वृष्टि और तूफ़ानों के कारण, दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। कृषि उत्पादन पर भी संकट आ रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान इतना अधिक बढ़ता जा रहा है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

मौसम परिवर्तन पर होने वाले संयुक्त राष्ट्र के तमाम कॉप सम्मेलनों में प्रारंभ से ही यह लक्ष्य रहा है कि दुनिया का तापमान 2050 तक औद्योगएमपीकरण से पूर्व की स्थिति की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने पाए। क्योटो सम्मेलन में जहां ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, के बाद कॉप सम्मेलनों में बातें तो बहुत हुई, लेकिन क्योटो सम्मेलन के बाद और कॉप-27 से पहले कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई दी। विकसित देशों ने यह वचन जरूर दिया था कि वे मौसम परिवर्तन से निपटने के लिए 100 अरब डालर की सहायता हर वर्ष प्रदान करेंगे। हालांकि 100 अरब डालर की मदद, समस्या की गंभीरता के मद्देनजर कहीं अपर्याप्त थी, उतनी भी राशि विकसित देशों द्वारा इस संबंध में प्रदान नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि दुनिया के विकसित देश जो वर्तमान पर्यावरण संकट के लिए दोषी हैं, अभी तक इस बाबत गंभीर नहीं हुए थे। कॉप28 में भी, विकसित दुनिया द्वारा जीवाश्म ईंधन से संक्रमण की लागत वहन करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया था। हालांकि कॉप28 में इस बात पर सहमति बनी है कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा, लेकिन इसके लिए अत्यंत गंभीरता से विचार करना होगा कि यह कैसे किया जाएगा। कॉप28 में अनेक प्रकार की शपथें ली गई, जिसमें अक्षय ऊर्जा में 3 गुणा वृद्धि, शीतलन से संबंधित ऊर्जा उपभोग में दुगुनी कार्यकुशलता आदि शामिल हैं।

पिछले कॉप सम्मेलनों में इस बात पर बहस चलती रही कि जीवाश्म ईंधनों में से कोयले या पेट्रोलियम, किसके उपयोग को कम करना चाहिए। विकसित देशों का यह कहना था कि वे पेट्रोलियम के उपयोग को कम नहीं करेंगे, लेकिन वे साथ ही यह दबाव बना रहे थे कि भारत सरीखे देश कोयले के उपयोग को अवश्य बंद करें। इस बार फिर विकसित देश अंतिम दस्तावेज़ में शामिल होने में सफल रहे हैं, जब नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने को 'बेरोकटोक कोयला बिजली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने' से जोड़ा गया। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के पास कोयले के बड़े भंडार हैं, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि फिलहाल वह कोयले का उपयोग कुछ समय तक करे और बाद में उसे क्रमशः घटाया जाए। कॉप-28 के इस फैसले से कि कोयले और पेट्रोलियम में भेद किए बिना सभी प्रकार के जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित हो गया है कि इस संबंध में विकसित देशों की बहानेबाजी को कॉप28 में कम मान्यता मिली। वैश्विक तापमान को औद्योगिकीकरण से पूर्व की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ने के लक्ष्य की समय सीमा 2050 रखी गई है, लेकिन कॉप-26 में भारत ने अपने वचन में यह कहा था कि हम 2070 तक निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इसलिए भारत के पास वैश्विक लक्ष्य की सीमा से दो दशक आगे का समय रहेगा। इस लक्ष्य को न्यायोचित्त, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से प्राप्त किया जाएगा।

(लेखक डीयू के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

झरोखे से
डॉ. चंद्र त्रिखा



# दिल्ली की रहस्यमयी शख्सियत जुलियाना

देश की राजधानी दिल्ली में लगभग हर मोड़ पर रहस्यमयी गाथाएं कुनमुना रही हैं। दिल्ली ने इन सब गाथाओं व उनमें वर्णित पात्रों को अलग-अलग समय पर भोगा है, जिया है, देखा है। इन रहस्यमयी गाथाओं में एक तथ्यात्मक किस्सा एक पुर्तगीज़ महिला जूलियाना का भी है। जूलियाना का दबदबा वर्तमान ओखला क्षेत्र, न्यू डिफेंस कॉलोनी के कुछ क्षेत्र और कश्मीरी गेट के समीप स्थित दारा-शिकोह की हवेली तक फैला हुआ था। उसके नाम पर सराय भी है और अनेक ऐसी सम्पत्तियां हैं, जिनकी विरासत का दावा करने वाले अभी भी इधर-उधर से दस्तावेज एकत्र करने में लगे हैं। किंवदंती है कि उसकी रूह अब भी इस क्षेत्र में भटकती है।

दिल्ली की मुगलिया सल्तनत में जूलियाना के परिवार का प्रवेश औरंगजेब के काल में ही हो गया था मगर उसका प्रभामण्डल औरंगजेब के पौत्र बहादुर शाह प्रथम के शासनकाल में फैला। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में सुखदेव विहार मेट्रो स्टेशन के पास एक ऐसा इलाका है जहां आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैट हैं। कई लोगों के लिए सराय जुलेना गांव अन्य बस्तियों की तरह की एक और बस्ती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह एक ऐसी पुर्तगाली महिला की याद दिलाती है, एक ज़माने में, मुग़ल दरबार में जिसका रुतबा, किसी महारानी से कम नहीं था। इस महिला का नाम था डोना जुलियाना डायस डि कोस्टा। यदि ऐतिहासिक दस्तावेज़ों पर भरोसा किया जाए, तो वह मुग़ल दरबार में बहुत ताक़तवर और असरदार महिला थी और हां, कहा जाता है कि उनके पास दैवीय शक्ति भी थी! जुलियाना शाही दरबार में कैसे पहुंच गईं, यह इतिहासकारों के बीच बहस का विषय बना हुआ है। उनके जन्म का वर्ष और उम्र भी रहस्यों से घिरा हुआ है! मुग़ल दरबार में यूरोपीय देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता था लेकिन इनके बीच एक पुर्तगाली महिला ने कैसे अपनी जगह बना ली। प्राप्त विवरण के अनुसार, उसने मुगल शहजादे मुअज्ज़म को ईसाइयत की ओर भी झुका लिया था। मुग़ल बादशाह शाहजहां के आदेश पर पुर्तगाली बंदरगाह शहर हुगली (बंगाल) पर हमला किया गया था। पुर्तगाली, मुग़लों के जहाज़ों पर लगातार हमले करते रहते थे और उसी के बदले में ये कार्रवाई की गई थी। हमले के बाद कई पुर्तगालियों को बंधक बना लिया गया था जिनमें जुलियाना के पिता ऑगस्टिन्हो डायस डिकोस्टा भी थे। उन्हें और उनकी पत्नी को बाद में मुग़ल दरबार में काम मिल गया। बाद में डिकोस्टा की पत्नी, शाहजहां की एक बेगम की दासी बन गई। इसी दौरान जुलियाना का जन्म हुआ था। जब जूलियाना 17 साल की हुई, तब उसके जीवन में एक नया दौर शुरु हुआ। तब तक औरंगज़ेब बादशाह बन चुका था और उसने अपने 18 साल के बेटे मुअज़्ज़म की पढ़ाई की ज़िम्मेदारी जूलियाना को सौंप दी। जैसे-जैसे दोनों बड़े होते गए, दोनों में नज़दीकियां भी बढ़ती गईं। मुअज़्ज़म जब भी अपने पिता के आदेश पर युद्ध करने जाता था, उसकी हिफाज़त के लिए जुलियाना भी, उसके साथ, उसके हाथी पर सवार होती। जूलियाना के हाथ में लाल झंडे होते थे, जिन पर सफेद रंग का ईसाई क्रॉस बना होता था! जैसे-जैसे वह बड़ी होती गई, उसे मुग़ल दरबार में शाही हरम और डॉक्टर की प्रभारी जैसे कई ज़िम्मेदारियां मिलने लगीं! लेकिन यह सिलसिला ज्यादा लम्बा नहीं चल पाया। औरंगज़ेब ने मुअज़्ज़म को 1680 के दशक के अंत में बग़ावत के आरोप में सज़ा दी और उससे उसके खिदमतगार और हरम छीन लिए गए। उन दिनों जुलियाना किसी तरह क़ैदख़ाने में पहुंचने में कामयाब हो गई और वहां वह मुअज़्ज़म की तीमारदारी करने लगी। इस दौरान दोनों के बीच रिश्ते और मज़बूत होते गए और जुलियाना ने मुअज़्ज़म को सलाह दी कि अगर वह सेंट जॉन से दुआ मांगेगा तो वह एक दिन बादशाह बन जाएगा। मुअज़्ज़म दुआ के लिए राज़ी हो गया और उसने वादा किया कि अगर वह बादशाह बन जाता है तो वह जूलियाना को धन-दौलत और दरबार में बड़े-बड़े ओहदों से नवाज़ेगा। संयोगवश मुग़लिया तख़्त-ओ-ताज के लिए हुई जंग के बाद जब मुअज़्ज़म 1707 में बहादुर शाह-प्रथम के रूप में तख़्त पर बैठा तो उसने अपने वादे के मुताबिक़ जुलियाना को जूलियाना फिदवी दुआगो (वफादार और अक़ीदतमंद जूलियाना) का खिताब दिया। उसे जागीर में गांव भी दिए गए, जहां आज दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली का ओखला इलाक़ा है।



(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अयोध्या की बजाय घर पर ही खुशियां मनाएं**

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *-विकास शर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### उद्धव ठाकरे विकास विरोधी



वह (उद्धव ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और समृद्धि राजमार्ग के निर्माण को धीमा किया। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं।
-एकनाथ शिंदे, सीएम, महाराष्ट्र

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि



स्टैटिस्टिकल हैंडबुक के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,89,529 रुपये से बढ़कर 4,44,768 रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158% अधिक है। यह किसी भी राज्य में एक वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। -अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं।
-रविचंद्रन अश्विन, क्रिकेटर

### फिल्म कामयाब रही



फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। लोगों ने फिल्म को पसंद किया है।
-रणबीर कपूर, अभिनेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# इजराइल का उत्तरी गाजा में लड़ाई समापन का संकेत



हमास के खिलाफ युद्ध के चौथे महीने में प्रवेश करने के साथ इजराइली सेना ने संकेत दिया कि उसने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई समाप्त कर ली है और वहां हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का काम पूरा कर लिया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार देर रात कहा कि सेना वहां आगे भी फतह करती रहेगी, इजराइल-गाजा सीमा बाड़ पर सुरक्षा को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजराइल यात्रा से पहले हुई। ब्लिंकन सहित अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इजराइल से गाजा में अपने जबरदस्त हवाई और जमीनी हमले को कम करने तथा हमास नेताओं के खिलाफ अधिक लक्षित हमले का आग्रह किया है ताकि फलस्तीनी नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह युद्ध दक्षिणी इजराइल पर हमास के सात अक्टूबर के हमले से शुरू हुआ था जिसमें चरमपंथियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 22,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए और 58,000 से अधिक घायल हो गए।

## ऑफ बीट

# तनाव, व्यग्रता से निपटने के तरीके तलाश रहे लोग



तनाव, व्यग्रता और पर्यावरणीय एवं मानवीय आपदाओं से भरी दुनिया में, लोग इससे निपटने के तरीके तलाश रहे हैं। कई लोगों ने मार्गदर्शन के लिए प्राचीन प्रथाओं की ओर रुख किया है। इनमें से एक है सचेतन, जो ध्यान से जुड़ी प्रक्रिया है। वास्तव में सचेतन का क्या अर्थ है? सचेतन किसी चीज के प्रति सचेत रहना या जागरूक होने की स्थिति है। मैं जिस शब्द का उपयोग करना पसंद करता हूं वह है 'जागरूकता'। अपने दिन की शुरुआत साक्ष्य-आधारित समाचारों से करें। सचेतन कवायद आपको वर्तमान में वापस लाने का एक तरीका होगा। आप योग की तरह अपनी इंद्रियों, अपनी सांस या अपने शरीर का इस्तेमाल करेंगे। ध्यान आपको शांत करने में मदद करता है क्योंकि बहुत सारे अवसाद या अवसादग्रस्त विचार अतीत और उन चीजों से जुड़े होते हैं जिनका हमें अफसोस होता है। बहुत सारी चिंताएं भविष्य से जुड़ी हुई हैं। इन विशेष प्रवृत्तियों पर शोध जारी है। यदि लोग बहुत अधिक चिंता का अनुभव करते हैं, तो अकसर ऐसा होता है कि उनका मन भविष्य में इस बात को लेकर चिंता में रहता है कि आगे क्या होगा। अवसाद के लिए भी यही बात है। मन अतीत में वापस चला जाता है और उन चीजों के बारे में सोचता रहता है जो पहले घटित हो चुकी होती हैं।




# इमेज को लेकर हुईं कॉन्शस

मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है। जाह्नवी जल्द ही साउथ में डेब्यू करने जा रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में नई एक्ट्रेसेज की खेप में जाह्नवी कपूर को काफी टैलेंटेड माना जाता है। गुड लक जेरी, मिली और बवाल में उनके काम को क्रिटिक्स और जनता दोनों ने काफी सराहा था। अपनी एक्टिंग परफॉरमेंस के अलावा जाह्नवी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेजेंस से भी लोगों को खूब इंप्रेस किया है। अब जाह्नवी को लगता है कि उनकी सोशल मीडिया इमेज और ऑनस्क्रीन किरदारों में इस कंट्रास्ट का असर, उनके कम पर गलत तरीके से पड़ता है।

एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने कहा है कि उन्हें ये पता ही नहीं था कि एक एक्टर के बारे में परसेप्शन बनाने के लिए सोशल मीडिया कितना खतरनाक हथियार है। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर तस्वीरें या वीडियो शेयर करना हंसी-खेल लगता था और उन्हें नहीं लगता था कि इससे उनके काम पर कोई असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है। जाह्नवी जल्द ही साउथ में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी अगली फिल्म जूनियर एनटीआर के साथ है, जिसका टाइटल देवरा है। ये फिल्म 2024 में रिलीज होगी।



# मनोज ने नहीं किया 14 साल से डिनर

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'किलर सूप' को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया से बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने अपनी फिटनेस और हेल्थ को लेकर कई खुलासे किए। अभिनेता ने खुद अपनी फिटनेस का राज खोलते हुए बताया कि उन्होंने पिछले 14 साल से रात को खाना नहीं खाया है। मनोज का मानना है, भोजन ही हमारा सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु भी है। मैंने रात को भोजन करना बंद कर दिया है और दिन में काफी संतुलित भोजन लेता हूं। मेरी फिटनेस में इसका बहुत बड़ा योगदान है। मनोज ने आगे कहा, मैंने अपने दादाजी को हमेशा दुबला-पतला और फिट ही देखा था। मैंने सोचा क्यों न फिट रहने के लिए मैं भी वही करूं, जो दादा जी करते थे। मैंने भी तय किया कि उन्हीं की तरह रात को खाना नहीं खाऊंगा। और परिणाम सबके सामने है। मनोज के लिए शारीरिक फिटनेस जितना जरूरी है उतना ही जरूरी मानसिक स्वास्थ्य भी है। मनोज का मानना है कि शरीर के किसी अंग का फिट होना नहीं, बल्कि समूचे शरीर का फिट रहना मायने रखता है।



# डॉक्टर बनना चाहती थीं 12वीं फेल की एक्ट्रेस ...



**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल इन दिनों चर्चा में हैं, फिल्म में विक्रांत मैसी ने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा का रोल प्ले किया है और मेधा शंकर ने आईआरएस श्रद्धा जोशी का रोल प्ले किया है। मेधा शंकर की सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया है। अब मेधा शंकर नेशनल क्रश बन गई हैं। मेधा शंकर नोएडा में रहती हैं और एक महाराष्ट्रीयन परिवार से हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेधा शंकर के पैशन की अगर बात करें तो वो असल जिंदगी में डॉक्टर बनना चाहती थीं और बहुत ही शांत स्वभाव की थीं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें ग्लैमर और एंटरटेनमेंट की दुनिया पंसद आने लगी। इसके बाद उन्होंने कई विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। बता दें, मेधा ने 2015 में आई शॉर्ट फिल्म 'विथ यू फोर यू ऑलवेज' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

# थंडेल का टीजर आउट, नागा चैतन्य का दिखा दमदार किरदार

**मुंबई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ था। वहीं अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया।





# नयनतारा की फिल्म मुश्किल में फंसी

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की फिल्म अन्नपूर्णी को रिलीज हुए एक महीना हो चुका है। लेकिन ये अब भी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म अब कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो चुकी है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। कहा जा रहा है कि मेकर्स के खिलाफ शिकायत तक दर्ज कराई गई है।

एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्वीट कर सभी पॉइंट को शेयर किया। उनके मुताबिक फिल्म एंटी हिंदू है। हालांकि इस मामले में मेकर्स की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। बता दें अन्नपूर्णी एक तमिल फिल्म है, इसमें नयनतारा लीड रोल में हैं, उनके साथ जय, सत्यराज, कार्तिक कुमार और रेणुका लीड रोल में हैं। फिल्म एक शेफ की कहानी कहती है। एक एक्सीडेंट के बाद अन्नपूर्णी का टेस्ट बिगड़ जाता है।फिर कैसे वो वापस अपनी जिदंगी को ट्रैक पर लाती है, दिखाया गया है।

# हादसे का शिकार होने से बचे नवाजुद्दीन...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही शैलेश कोलानू की 'सैंधव' से तेलुगु में डेब्यू करेंगे। फिल्म में उन्होंने विकास मलिक नाम के एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वे एक घटना का शिकार हो गए थे। उन्होंने कहा, हम श्रीलंका में शूटिंग कर रहे थे और मैं लगभग नाव से गिर गया था एक बड़ी लहर हमारे रास्ते में आई और मुझे लगभग गिरा दिया। मैं नाव से उछल गया। मैं भाग्यशाली था कि मुझे समुद्र की बजाय दोबारा नाव पर ही गिरा। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब कैमरे में कैद हुआ है। हमने फिल्म में इस सीन को रखा है। मुझे यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।



# ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का वेब सीरीज में डेब्यू करेंगे बड़े सितारे...

**मुंबई।** साल 2023 में ओटीटी प्लेटफार्म्स पर कई कलाकारों ने डेब्यू किया। किसी ने ओटीटी फिल्म तो किसी ने वेब सीरीज के जरिए डिजिटल स्पेस में खाता खोला। इनमें करीना कपूर खान, काजोल, शाहिद कपूर, अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के नाम शामिल हैं। ओटीटी पर सितारों का ये कारवां इस साल भी सफर जारी रखेगा और 2024 में कई कलाकार वेब सीरीज डेब्यू करेंगे। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो फिल्मों के जरिए ओटीटी स्पेस में आ चुके हैं, मगर पहली बार वेब सीरीज कर रहे हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा :** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स ओटीटी स्पेस में नया धमाका करने वाली है। प्राइम वीडियो पर 19 जनवरी से स्ट्रीम हो रही है। निर्देशक रोहित शेट्टी इस सीरीज के साथ ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। सीरीज के लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा का यह वेब सीरीज डेब्यू है। हालांकि, ओटीटी स्पेस में उनकी पारी 2021 में आई फिल्म शेरशाह से हो चुकी है, जो प्राइम वीडियो पर ही रिलीज हुई थी।




**वरुण धवन :** वरुण धवन की पहली ओटीटी रिलीज 2020 में आई कुली नंबर वन है, जो प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साल वरुण वेब सीरीज डेब्यू कर सकते हैं। हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा ने लीड रोल निभाया था। वरुण इसके इंडियन चैप्टर सिटाडेल इंडिया में लीड रोल में हैं। उनके साथ सामंथा रूथ प्रभु भी हैं। सीरीज का निर्देशन राज निदिमोरु और कृष्णा डीके कर रहे हैं।

***अनन्या पांडेय :*** *ओटीटी पर अनन्या पांडेय का करियर 2020 में आई फिल्म काली पीली से हो गया था, जो जीप्लेक्स पर रिलीज हुई थी। ईशान खट्टर ने इसमें मेल लीड रोल निभाया था। इसके बाद गहराइयां और खो गये हम कहां ओटीटी पर चुकी हैं। मगर, इस साल अनन्या का बेव सीरीज डेब्यू भी हो सकता है।*

***प्राइम वीडियो की सीरीज कॉल मी बे में :*** *अनन्या लीड रोल निभा रही हैं। इस सीरीज का एलान पिछले साल मार्च में हुआ था। अनन्या शो में एक अरबपति फैशन आइकॉन का किरदार निभा रही हैं।*

***उर्मिला मातोंडकर :*** *सत्या और रंगीला जैसी कई हिट फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ने वालीं उर्मिला अब ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। तिवारी नाम की वेब सीरीज में उर्मिला एक्शन करती दिखेंगी। यह स्मॉल सिटी में रहने वाली एक मां-बेटी की कहानी है। इसे सौरभ वर्मा ने डायरेक्ट किया है।*

***वाणी कपूर :*** *यशराज फिल्म्स से अपने करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस वाणी कपूर अब क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। इस सीरीज का नाम मंडला मर्डर्स है, जिसे गोपी पुथरन ने डायरेक्ट किया है।* अभी इस सीरीज की रिलीज डेट सामने नही आई है, लेकिन 2024 में रिलीज किया जा सकता है।



# वृशिका ने खरीदा नया घर

**मुंबई।** एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने बीते महीने दिसंबर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया से शादी रचाई थी है वहीं अब एक नया वीडियो सामने आया है, जिसे वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने अपने नए घर की एक झलक दिखाई है, जिसमें वह पति के साथ रहने वाली हैं। शादी के करीब एक महीने बाद वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नए घर का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपने घर में रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "नई शुरुआत"। इस कपल ने अपनी शादी के बाद एक नया अपार्टमेंट खरीदा है और ये दोनों इसमें शिफ्ट भी हो चुके हैं। इसी वीडियो में वृशिका मेहता और सौरभ घेडिया ने अपने नए घर का होम टूर भी करवाया। घर के इंटीरियर की बात करें तो मिनिमलिस्टिक डिजाइन से काफी सुंदर लग रहा है। एक्ट्रेस ने अपना किचन और लिविंग एरिया भी दिखाया।



## जैकेट के शेष

### श्रीराम के झंडे, धनुष-बाण ...

राजधानी रायपुर में ही आधा दर्जन से ज्यादा थोक कारोबारी हैं। इसी के साथ थोक में चिल्हर कारोबारी हैं। सबका जमकर कारोबार हो रहा है। करोड़ों का कारोबार होने का अनुमान है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम अगले सप्ताह 15 जनवरी से प्रारंभ होंगे। इसी के साथ अपने राज्य में भी इस दिन से कई कार्यक्रम होंगे। वैसे अभी से कई कार्यक्रम लगातार हो रहे हैं। प्रभात फेरी रोज हो रही है। लोगों ने अभी से घरों में झंडे लगाने प्रारंभ कर दिए हैं। बाजार में भी इस समय राममय हो गया है। धार्मिक सामान बेचने वालों के यहां लोग अभी से खरीदारी कर रहे हैं। राजधानी रायपुर के थोक कारोबारियों के यहां प्रदेश के कई जिलों के कारोबारी आकर सामान खरीद रहे हैं। कई तरह के आइटम बाजार में उपलब्ध है।

**अच्छा कारोबार हो रहा** : थोक में अच्छा कारोबार हो रहा है। रायपुर के साथ दूसरे जिलों के भी चिल्हर कारोबारी यहां से सामान ले जा रहे हैं। झंडों के साथ दीयों की लगातार डिमांड के कारण इसका स्टॉक कम पड़ रहा है।

**- विमल जैन**, थोक कारोबारी

### पीएम मोदी के ...

सोशल मीडिया मंचों पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों' से अवगत हैं। इसमें कहा गया है, 'ये विचार व्यक्तिगत हैं और मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं।' पिछले दिनों तब विवाद खड़ा हो गया था जब लक्षद्वीप के एक समुद्र तट का वीडियो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पोस्ट किये जाने के बाद मालदीव की एक मंत्री और कुछ अन्य नेताओं ने उनके (मोदी) खिलाफ सोशल मीडिया पर 'अपमानजनक टिप्पणियां' की थीं। मालदीव सरकार ने कहा कि उसका मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल लोकतांत्रिक और जिम्मेदार तरीके से किया जाना चाहिए और इनसे घृणा तथा नकारात्मकता नहीं फैलनी चाहिए और मालदीव तथा उसके अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आनी चाहिए। उसने चेतावनी दी कि सरकार के संबंधित अधिकारी ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं करेंगे। इस बीच रविवार को, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने टिप्पणियों को 'भयानक' बताया और राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार से इन टिप्पणियों से दूरी बनाने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'मैं मालदीव सरकार की अधिकारी शिउना द्वारा विश्व के एक प्रमुख नेता के प्रति इतनी अपमानजनक भाषा की निंदा करता हूं। मुइज्जू को इन टिप्पणियों से किनारा करना चाहिए और भारत को स्पष्ट आश्वासन देना चाहिए कि ये टिप्पणियां सरकार की नीति को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।' मालदीव के पूर्व उपराष्ट्रपति अहमद अदीब ने मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणियों की 'कड़ी निंदा' की। अदीब ने कहा, 'हमने आतिथ्य, सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों के आधार पर मालदीव में पर्यटन उद्योग की स्थापना की। भारत सहित वैश्विक ब्रांड और निवेशों के जरिये हमने मालदीव को एक प्रमुख रिसॉर्ट गंतव्य के रूप में सफलतापूर्वक स्थापित किया है।' उन्होंने कहा, मैं मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी और भारत के प्यारे नागरिकों के प्रति की गई किसी भी अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी की कड़ी निंदा करता हूं। मालदीव नेशनल पार्टी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह एक विदेशी नेता के खिलाफ एक सरकारी अधिकारी द्वारा की गई नस्लवादी और अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा करती है। इसने कहा, यह अस्वीकार्य है। हम सरकार से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।'

### पीएम मोदी ने ....

करते हैं उन्हें लक्षद्वीप जरूर आना चाहिए। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र में भी गोता लगाया था। उन्होंने लिखा था कि मैंने यहां पर स्नॉर्कलिंग भी की थी। इसके बाद मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी के एक नेता ने ट्वीट किया था कि हमारे जैसी सुविधाएं कैसे दे पाओगे। उसने यह भी लिखा था कि भारत में तो होटल्स के कमरों से बदबू आती रहती है।

## पेज एक के शेष

### सराफा एसोसिएशन की सभा...

का फैसला किया जाएगा। सराफा एसोसिएशन के 30 साल के इतिहास में यह दूसरी बार होगा जब मतदान से चुनाव होगा। इसके पहले साढ़े सात साल पूर्व बिलासपुर में एक बार मतदान से चुनाव हुआ था। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के पदों के चुनाव के लिए प्रदेश भर के कारोबारी रविवार को राजधानी रायपुर में एकत्रित हुए। बस्तर, सरगुजा जैसे दूर दराज के स्थानों के पदाधिकारी एक दिन पहले ही रात को यहां पहुंच गए थे। रविवार की सुबह को पहले आमंत्रित अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम अरुण साव, रायपुर के सांसद सुनील सोनी और पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत कार्यक्रम में पहुंचे। अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### नए सदस्य के चुनाव...

में आम सभा में फैसला किया गया कि अभी चुनाव नहीं होगा और जो भी संस्थाएं पंजीकृत हैं, उनकी बैठक करके चुनाव का फैसला किया जाएगा।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष को...

व विधायक विक्रम उसेंडी के बहुत ही करीबी थे। घटना की खबर मिलते ही पखांजुर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। एक सप्ताह से पखांजुर का राजनैतिक समीकरण भी बदला हुआ था और अविश्वास प्रस्ताव को लेकर माहौल बना हुआ था। उनके सर्मथक और अन्य लोग इस घटना पर अभी कुछ नहीं बोल पा रहे है वहीं पुलिस भी इस मामले में अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष शंकर सरकार और उनके मित्र मिथुन मंडल ने बताया कि गोली सिर पर लगी है और उनकी मृत्यु हो गई है। उनका यहीं कहना है कि दो लोग मोटर सायकल से आएं और उनका चेहरा ढका हुआ था। एक ने सिर पर टिकाकर गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

### प्रशासनिक सर्जरी में अनुभव...

अधिकारियों की पदस्थापना बदली गई है, उन हरेक अधिकारी के नाम पर गहन विचार करते हुए उनके कार्यानुभव और योग्यता को प्रमुखता दी गई है। इस बदलाव पर मुख्यमंत्री श्री साय की नजर पूरे समय बनी हुई थी।

**इन अधिकारियों का रखा गया ध्यान** : तबादलों के लिए कई तथ्यों को ध्यान में रखा गया, जैसे पिछली सरकार में कई अधिकारी ऐसे भी रहे, जो सत्ताधारी दल के नाजायज निर्देशों को हमेशा ही दरकिनार करते रहे और राजनीतिक रूप से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष अपना कार्य करते रहे। ऐसे अधिकारियों का वर्तमान सरकार ने ध्यान रखते हुए उन्हें ऐसी जगहों पर पोस्टिंग दी है, जहां उनके अनुभव और योग्यता दोनों के साथ न्याय हो सके।

**सीएम की थी बदलाव पर नजर** : इस पूरे प्रशासनिक फेरबदल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं नजर रखे हुए थे और उनके निर्देश पर एक-एक नाम पर गहनता से विचार किया गया, हर नाम के साथ उनकी कार्यविशेषता पर भी गहन विचार हुआ। कई बार फीडबैक लिए गए। उसी के आधार पर पुनः विचार किया गया। इसी वजह से सरकार ने पर्याप्त समय लेते हुए ट्रांसफर लिस्ट जारी की।

**योग्यता-अनुभव को प्राथमिकता** : पिछली सरकार में अफसरों के ट्रांसफर में कई तरह के आरोप लगते रहे। इस बीच कई अफसरों के नाम कोल, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे घोटालों से भी जुड़ते रहे, कुछ अफसर जेल की हवा भी खा रहे हैं। जबकि कुछ अफसरों पर पार्टी विशेष के कार्यकर्ता के समान कार्य करने का आरोप भी लगता रहा है। इस बीच नई सरकार आने के बाद जब पहली तबादले की लिस्ट आई तो यह बात स्पष्ट हो गई कि योग्यता और अनुभव को प्राथमिकता में रखकर तबादला आदेश जारी किया गया।

### सर्जरी में दिया गया...

किया गया है। इसका साफ संदेश है कि अधिकारी निष्पक्ष होकर काम करें, न कि किसी पार्टी विशेष के लिए। तबादला लिस्ट में ये साफ है कि साय सरकार प्रशासनिक अधिकारियों का उनकी योग्यता के आधार पर ही उपयोग करेगी। जनता के कामों को छोड़कर सत्ताधारी दल के लिए काम करने वाले अधिकारियों को इस प्रशासनिक सर्जरी में कठोर संदेश दिया गया है।

### जो अफसर जिस योग्य...

अफसरों की योग्यता का पूरा ध्यान रखा गया। जो अफसर जिस योग्य है, उन्हें उसी तरह जिम्मेदारी दी गई, ताकि उनकी योग्यता का पूरा उपयोग किया जा सके। इस तरह मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने तबादले में दूरदर्शिता दिखाते हुए निर्णय लिया है।

### डॉ. पूर्णेन्दु को फिर...

गए हैं। इसी तरह रायपुर विभाग की जिम्मेदारी धीरेंद्र नशीने को सौंपी गई है। दुर्ग विभाग के प्रमुख डॉ. रामस्वरूप शर्मा के स्थान पर बेमेतरा के श्री निषाद को यह जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों ने बताया, अखिल भारतीय स्तर पर भी शीघ्र निर्वाचन की प्रक्रिया भी पूरी होगी। आरएसएस की बैठक में अनुषांगिक संगठन से जुड़े पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। संघ की बैठक के बाद आरएसएस के प्रमुख लोगों ने भाजपा से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ भी बंद कमरे में मंत्रणा की।

### तलाकशुदा दोबारा शादी के...

एमडब्ल्यूपीए कानून लाया गया है। यह कानून दोबारा शादी के बाद भी मुस्लिम महिला के भरणपोषण के अधिकार को सुरक्षित करता है। पत्नी को गुजारा-भत्ता के आदेश के खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस राजेश पाटील ने कहा कि एमडब्ल्यूपीए की धारा 3(1ए) के तहत ऐसी कोई शर्त नहीं है, जो मुस्लिम महिला को दोबारा विवाह करने पर भरण-पोषण के अधिकार से वंचित करती हो। लिहाजा महिला के पूर्व पति की याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। याचिका में महिला को गुजारा भत्ता देने के मजिस्ट्रेट और सेशन कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## राशिफल

**मेष** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** – मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** – शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

# पीओके में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**जरूरी चीजों की किल्लत से दूभर हुआ लोगों का जीवन**

एजेंसी ▶▶| जम्मू




पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर संकट गहरा रहा है। भले ही पाकिस्तान ने कभी भी सीखने और ज्ञानोदय पर जोर नहीं दिया है, लेकिन जिन क्षेत्रों पर इस्लामाबाद ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, वहां शिक्षा की स्थिति विशेष रूप से भयावह है। बेहतर सुविधाओं की सख्त आवश्यकता के बावजूद, शिक्षा क्षेत्र में छात्रों और कर्मचारियों को उनके बुनियादी अधिकारों से दूर रखा जा रहा है।

■ **ऑल पार्टी अलायंस के बैनर तले हो रहा प्रदर्शन**

बढ़ती महंगाई के बीच, पीओके में शिक्षण और प्रशासनिक कर्मचारी अपने लंबे समय से लंबित वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। लोगों का जीवन दूभर हो गया है, इस क्षेत्र का सबसे बड़ा विभाग शिक्षा विभाग है, जिसके कर्मचारी यहां सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। शिक्षा के नाम पर एक ताकतवर माफिया कारोबार कर रहा है, जो मजदूरों का फायदा उठा रहा है। यादगार चौक पर विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए, ऑल पार्टी अलायंस के अध्यक्ष गुलाम हुसैन अतहर, शेख अहमद तराबी, नजफ अली, वजीर हसनैन अकील, वकील अहमद चाऊ और वाजिद अहमद खान सहित नेताओं ने कहा कि अगर गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी होगी उलटा नहीं है, उनका अगला कदम मुख्यमंत्री आवास होगा।

### मांगों को सुनने से किया इंकार

दूसरी ओर, पीओके में छात्र अभूतपूर्व शुल्क वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन सेमेस्टर फीस बढ़ाकर उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) की नीति का उल्लंघन कर रहा है। सेमेस्टर फीस के नाम पर हर तीन या चार महीने में लाखों रुपए वसूले जाते हैं। यहां ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि गरीब छात्रों को शिक्षा न मिल सके। इश्तियाक ने कहा कि गरीबों के पास आजीविका के लिए पैसे नहीं हैं, वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा कैसे प्रदान कर सकते हैं? पाकिस्तानी सरकार ने अकादमिक कर्मचारियों और छात्रों की जायज मांगों को सुनने से इनकार कर दिया है। इसने पीओके के शैक्षणिक संस्थानों को उत्पीड़न के स्थलों में बदल दिया है। विशेष रूप से, पाकिस्तान शिक्षा को क्षेत्रों के अवैध कब्जे के लिए एक खतरे के रूप में देखता है, उसे डर है कि ज्ञान स्थानीय लोगों को उनके कानूनी अधिकारों को समझने और उनका दावा करने के लिए सशक्त बना सकता है।

### गेहूं की कीमत में बढ़ोतरी से नाराजगी

स्थानीय मीडिया डेली के2 की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर (पीओके) के विभिन्न शहरों में गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी और सब्सिडी हटाने के खिलाफ लगातार ग्यारहवें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। स्कर्दू, गांचे, शिगार और यासीन सहित शहरों में गेहूं की कीमत में वृद्धि के खिलाफ धरने देखे गए। यहां प्रदर्शनकारियों ने घोषणा की कि वे तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक कि गेहूं की कीमत में क्रूर वृद्धि वापस नहीं ली जाती।

### स्थानीय पत्रकार भी हड़ताल में शामिल

*पीओके के एक पत्रकार इश्तियाक मीर ने कहा, 'निजी स्कूलों के मालिक सेवानिवृत्त नौकरशाह हैं, जिनका सरकार के भीतर काफी प्रभाव है।' शैक्षणिक स्टाफ ने कई बार स्थानीय और संघीय सरकारों से अपील की है, लेकिन उनकी मांगें अधूरी हैं। इसके अलावा, शिक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उन्हें वेतन वृद्धि का भुगतान नहीं किया जाता, जिसके वे कानूनी रूप से हकदार हैं, तब तक विरोध प्रदर्शन बंद नहीं होगा।*

## गुजरात में पतंग महोत्सव का आगाज

# राम मंदिर थीम पर बनी पतंग आकर्षण का केंद्र




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात में रविवार से अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। अहमदाबाद में साबरमती नदी के किनारे स्थित रिवरफ्रंट पर आयोजित पतंग महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर सीएम भूपेन्द्र पटेल और राज्यपाल आचार्य देवव्रत मौजूद रहे।

14 जनवरी तक चलने वाला ये अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव अहमदाबाद के अलावा गुजरात के अन्य शहरों में भी आयोजित हो रहा है।

अहमदाबाद के इस अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में अहमदाबाद और गुजरात के अलावा देश और विदेश के पतंगबाज भी हिस्सा लेते हैं। इस बार 14 राज्यों के 65 भारतीय पतंगबाजों के अलावा विश्व के 50 से अधिक देश के 125 से ज्यादा एक्सपर्ट्स पतंग महोत्सव में हिस्सा ले रहे हैं।

### राम मंदिर की थीम पर इतने घंटे में बनाई पतंग

अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर की थीम पर बनी विशेष पतंग आकर्षण का केंद्र बनी है? सूरत के रहने वाले नीतेश लकुम ने ये पतंग बनाई है। नीतेश इलेक्ट्रिक्ल इंजीनियर हैं और गैस फील्ड में काम करते हैं। नीतेश अब तक 3960 पतंग बना चुके हैं। साथ ही वो जर्मनी, मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान, हांगकांग, दुबई जैसे देश में जाकर पतंग महोत्सव में अपना करतब दिखा चुके हैं।

हत्यारोपी को बरी करते हुए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# 'सिर्फ अदालत में आरोपी के खिलाफ गवाही भरोसेमंद नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसी स्थितियों में अभियोजन पक्ष के गवाह पर भरोसा नहीं किया जा सकता जब वह पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराने के बजाय केवल मुकदमे के दौरान कोर्ट में आरोपी की संलिप्तता के बारे में बयान दे रहा हो। शीर्ष अदालत ने इसके साथ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले खिलाफ अपील करने वाले पत्नी की हत्या के आरोपी को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि जब दोषसिद्धि केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित हो तो परिस्थितियों की कड़ियां एक-दूसरे से पूरी तरह जुड़ी होनी चाहिए। यदि कड़ियों में किसी तरह की कोई गड़बड़ी है तो आरोपी संदेह का लाभ पाने का हकदार है।

### गवाहों के बयान में दिखा था अंतर

शीर्ष अदालत ने कहा कि मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था और अभियोजन पक्ष के गवाहों, मृतका की बहन मेलो कौर और उनके पति गुरमेल सिंह के बयानों में अंतर दिखा था। अपीलकर्ता का दावा था कि अमरीक कौर का मेलो कौर के पति गुरमेल सिंह के साथ अवैध संबंध था और बहन को यह पता चलने से शर्मिंदा होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। कोर्ट ने कहा कि मामले में मेलो कौर की गवाही में तकनीकी खामियां सामने आई हैं।

### अचानक संदेह का कोई कारण नहीं

मेलों ने केवल पति से सुना था कि दर्शन और रानी को घटना के एक दिन पहले (18 मई, 1999 को) दर्शन के घर पर देखा गया था। कोर्ट ने कहा है, अगर वह (मेलो) जानती थी कि दर्शन और रानी के अवैध संबंध थे तो अचानक यह संदेह करने का कोई कारण नहीं बनता कि वे दोनों एक साथ मिलेंगे, जहर देंगे और हत्या कर देंगे। वहीं, अदालत ने विद्वानों के ऐसे शोधपत्रों पर भी भरोसा जताया, जो कहते हैं कि इस मामले में इस्तेमाल जहरीले पदार्थ (एल्यूमीनियम फॉस्फाइड) की प्रकृति ऐसी है कि यह धोखे से देने की संभावना नहीं है, क्योंकि इसमें लहसुन जैसी तीखी गंध होती है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# भाजपा विधायक ने मारा पुलिसकर्मी व एनसीपी पदाधिकारी को थप्पड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भाजपा विधायक सुनील कांबले द्वारा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजीत पवार गुट के एक पदाधिकारी और एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारे जाने का मामला बढ़ता जा रहा है। एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने चेतावनी दी है कि अगर अगले दो दिनों में कार्रवाई नहीं की गई तो वह पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ेंगी। भाजपा विधायक सुनील कांबले का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे पुणे के ससून अस्पताल में एक कार्यक्रम के दौरान एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मारते दिख रहे।

■ **सुले ने माफी न मांगने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी**

खास बात यह है कि जब यह वाकया हुआ उस वक्त मंच पर डिप्टी सीएम अजित पवार भी मौजूद थे। इस घटना के बाद एनसीपी के अजीत पवार गुट के पदाधिकारी जितेंद्र सातव ने शुक्रवार को सुनील कांबले पर उन्हें थप्पड़ मारने का आरोप लगाया। सातव ने दावा किया कि कांबले ने कार्यक्रम में उन्हें थप्पड़ मारा था।

**छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमि कार्यालय मंडल प्रबंधक,**
**औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल जगदलपुर, कुम्हारपारा चौक, जगदलपुर, फोन नम्बर - 7782357778**
CIN NO.U01135CT2001SGCO14669, GSTIN-22AACCC2857L6ZJ
e-mail-dmipdjagdalpur@gmail.com

**अल्प कालीन निविदा**

**डिपाजिट वृक्षारोपण 'वर्ष 2021 में किए गए वृक्षारोपण हेतु सामग्री क्रय हेतु निविदा**

औद्योगिक वृक्षारोपण मण्डल जगदलपुर के अंतर्गत वर्ष 2021 में किए गए डिपाजिट वृक्षारोपण हेतु निचें दर्शित अनुसार 20 एम.एम. गिट्टी एवं सीमेन्ट प्रदाय हेतु शीलबंध लिफाफे में निविंदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म मंडल कार्यालय औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल से रूपये 1000 प्रति निविदा फार्म नगद भुगतान कर प्राप्त की जा सकेगी। सामग्री का विवरण एवं प्रदाय स्थल की जानकारी निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | गिट्टी (20 एम.एम) |
| 2 | सीमेंट |

**निविदा दौर का विवरण**


| क्र. | निविदा दौर | निविदा फार्म प्रदाय करने का दिनांक व समय | निविदा फार्म जमा करने का दिनांक व समय | निविदा खोले जाने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम | दिनांक 10.01.2024 से दिनांक 24.01.2024 साय 4 बजे तक | दिनांक 29.01.2024 दोपहर 2 बजे तक | दिनांक 29.01.2024 को अपरान्ह 4 बजे |
| 2 | द्वितीय | दिनांक 06.02.2024 से दिनांक 07.02.2024 साय 4 बजे तक | दिनांक 13.02.2024 दोपहर 2 बजे तक | दिनांक 13.02.2024 को अपरान्ह 4 बजे |

टिप :- सामग्री प्रदाय से संबंधित समस्त जानकारी मंडल कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**मंडल प्रबंधक**
**औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल, जगदलपुर**

S-39284/3

## शब्द पहेली - 5388



**बाएँ से दाए-**

1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**

2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 5387 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल- 5398

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल- 5397 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# कर्ज महंगा हुआ तो इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री पर पड़ेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


भारतीय रिजर्व बैंक यदि आगे चलकर प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती नहीं करता है, तो वाहन कर्ज और महंगा हो सकता है, जिसका सीधा असर यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस साल उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों के ऊंचे आधार के चलते यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि एक अंक में रह सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश की कुल आर्थिक वृद्धि एक सकारात्मक कारक है।

- 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों की बिक्री हुई

## मारुति के अधिकारी ने कहा, उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार

### 2023 में वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही

इस आधार पर लगातार वृद्धि हासिल करना कुछ मुश्किल है। हमने देखा कि 2021 में वृद्धि लगभग 27 प्रतिशत थी, 2022 में यह 23 प्रतिशत थी। 2023 में यह 8.3 प्रतिशत है। इसलिए मेरा अनुमान है कि इस साल वृद्धि एक अंक में रहेगी। श्रीवास्तव ने कहा कि वाहन कर्ज की दरों में संभावित बढ़ोतरी भविष्य की मांग को प्रभावित कर सकती है।



### अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर वृद्धि निर्भर

श्रीवास्तव ने कहा, 'वाहन उद्योग की वृद्धि काफी हद तक कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर निर्भर करती है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दोनों के बीच अधिक जुड़ाव होता है... इसलिए यह एक सकारात्मक पक्ष है।' उन्होंने कहा, हम पहुंच ऊंचे 'आधार' पर पहुंच गए है।

### पिछले साल ढ़ाई प्रतिशत वृद्धि हुई है

पिछले साल से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी को अभी पूरी तरह खुदरा स्तर पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आवास ऋण में फ्लोटिंग दरों की वजह से रेपो दर में वृद्धि तुरंत खुदरा ऋण दरों में आती है।

### 98 फीसदी कर्ज फिक्स्ड दरों पर होता है

वाहन ऋण के मामले में लगभग 98 प्रतिशत कर्ज निश्चित या फिक्स्ड दरों पर होता है। श्रीवास्तव ने कहा कि अबतक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से 1.3 प्रतिशत खुदरा वाहन कर्ज में आया है। यदि इस साल नीतिगत दर में कटौती नहीं होती है, तो वाहन कर्ज 1.2 प्रतिशत और महंगा हो सकता है।

*अन्य कारक बिक्री को प्रभावित करेंगे*

*अधिकारी ने कहा कि ब्याज दर में संभावित वृद्धि के अलावा जो अन्य कारक यात्रा वाहन की बिक्री को प्रभावित कर सकती है, उनमें दबी मांग का समाप्त होना और विनिर्माताओं द्वारा 2023 की समाप्ति से पहले स्टॉक में किया गया 'करेक्शन' शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स 250वीं दुकान अयोध्या में खोलेगी





**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कल्याण ज्वैलर्स चालू वित्त वर्ष की अंतिम (मार्च) तिमाही में अपनी 250वीं दुकान उत्तर प्रदेश के अयोध्या में खोलेगी। भारत और पश्चिम एशिया में 30 नई दुकानें खुलने की है।भारत में 15 'कल्याण' दुकानें, पश्चिम एशिया में दो 'कल्याण' दुकानें और 13 'कैंडेयर' दुकानें खोलने की योजना है।

### सभी तेल-तिलहन कीमतों में रहा सुधार का रुख



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम में आई मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों (सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### धामपुर शुगर 10 लाख इक्विटी शेयरों की करेगी पुनर्खरीद



**नई दिल्ली।** धामपुर शुगर मिल्स के निदेशक मंडल ने 10 लाख पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद को मंजूरी दे दी है। यह पुनर्खरीद 300 रुपये प्रति इक्विटी की दर पर की जाएगी। कंपनी ने 10 लाख इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद का प्रस्ताव किया है। यह 31 मार्च, 2023 तक इक्विटी शेयर की कुल संख्या का 1.50 प्रतिशत है।

### 'इंडसफूड' में 7,500 से अधिक वैश्विक खरीदार लेंगे हिस्सा

INDUS FOOD

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सोमवार से शुरू होने वाले तीन दिन की खाद्य मेले में 1,200 से अधिक प्रदर्शक और 7,500 से अधिक वैश्विक खरीदार हिस्सा लेंगे। 'इंडसफूड' भारत का एकमात्र निर्यात-केंद्रित खाद्य एवं पेय पदार्थ व्यापार मेला है। वैश्विक खरीदारों के समक्ष घरेलू उत्पाद पेश किए जाते हैं।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने घरों की मांग में वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,300 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 9,040 करोड़ रुपये की रही थी।लोढ़ा ब्रांड के तहत कारोबार करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स की मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में अच्छी उपस्थिति है। कंपनी ने हाल ही में बेंगलुरु के रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश किया है।

## भारत कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रहा

# खपत बढ़ाने के लिए महंगाई को नीचे लाना जरूरी : इंडिया रेटिंग्स

- मुद्रास्फीति नीचे आने से लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा
- निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रही है, क्योंकि उच्च मुद्रास्फीति निम्न आय वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने यह बात कही है।

पंत ने कहा, 'हालांकि, देश की अर्थव्यवस्था अब सामान्य से कम मानसून और उच्च वैश्विक तेल कीमतों के दोहरे झटके से निपटने की जुझारू क्षमता रखती है, लेकिन चुनौती मुद्रास्फीति को नीचे लाने की है, ताकि लोगों के हाथ में खर्च के लिए अधिक पैसा हो।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि मुद्रास्फीति में एक प्रतिशत अंक की कमी से सकल घरेलू उत्पाद में 0.64 प्रतिशत की वृद्धि होगी या पीएफसीई (निजी अंतिम उपभोग व्यय) में 1.12 प्रतिशत अंक की वृद्धि होगी... यदि मुद्रास्फीति को एक प्रतिशत अंक तक कम किया जा सकता है, तो यह सभी के लिए जीत की स्थिति होगी। पीएफसीई व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत उपभोग के लिए वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च को दर्शाता है।

### आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स की अनुषंगी कंपनी इंड-रा के अनुमान के मुताबिक, पीएफसीई चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। पंत ने कहा कि आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है।



### खाद्य कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ी

नवंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि है।

### निजी कंपनियों का निवेश जरूरी

साल-दर-साल आधार पर लगातार खर्च के ऊंचे स्तर से राजकोषीय घाटे और ऋण के लिए जोखिम पैदा होता है, जिसके चलते ब्याज दरें ऊंची रहेंगी। 'जबतक निजी कंपनियों का निवेश शुरू नहीं होता और सरकार अपने द्वारा किए जा रहे कुछ निवेश को वापस नहीं लेती है, तबतक अर्थव्यवस्था में स्थिर वृद्धि की राह नहीं पकड़ेगी।'

India Ratings & Research
A Fitch Group Company


*50 फीसदी को अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ रहा : पंत ने कहा, 'हमने एक अध्ययन किया है और पाया है कि निचले 50 प्रतिशत वर्ग के लोगों को शीर्ष 50 प्रतिशत आबादी के लोगों की तुलना में अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से निचले हिस्से के लोगों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें ऊपरी स्तर द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं।'*

### भारत में दो प्रकार के आयवर्ग वाले

वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी। पंत ने कहा कि आय वर्ग के मामले में भारत दो प्रकार के हैं - एक उच्च आय वर्ग के लोग और दूसरे निम्न आय वर्ग के लोग। 'पिरामिड' के निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा है जिस गति से संगठित क्षेत्र के लोगों या ऊपरी स्तर के लोगों का बढ़ रहा है।

# निवेश बैंकरों की शुल्क आय रिकॉर्ड 1.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ⏭ मुंबई



निवेश बैंकरों की शुल्क आय 2023 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गई। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पुराना नाम रिफिनिटव) द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में अनुमानित शुल्क 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2022 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2000 से दर्ज किए जा रहे इन आंकड़ों में यह अबतक का सबसे ऊंचा आकंड़ा है। उच्च इक्विटी और बॉन्ड बिक्री की वजह से निवेश बैंकरों की आय बढ़ी है।

- 2023 में सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी

एजेंसी के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक 10.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर के संग्रह के साथ निवेश बैंकिंग शुल्क हासिल करने में शीर्ष पर रहा। यह देश के कुल निवेश बैंकिंग शुल्क का 7.7 प्रतिशत है।

दूसरा सबसे बड़ा शुल्क स्रोत इक्विटी पूंजी बाजार (ईसीएम) 'अंडरराइटिंग' से रहा। यह 2023 में 68 प्रतिशत बढ़कर 34.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

ईसीएम गतिविधियों में 2023 में 31.2 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह 2022 की तुलना में यह 59.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2021 के बाद से सर्वाधिक है। ईसीएम पेशकशों की संख्या में भी सालाना आधार पर 48.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

### 24.4 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी

ईसीएम मार्ट का नेतृत्व अनुवर्ती पेशकशों द्वारा किया गया, जो कुल ईसीएम आय का 78 प्रतिशत रहीं। इसमें 24.4 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी हुई। यह सालाना आधार पर 105.1 प्रतिशत अधिक है, जबकि मात्रा 39.8 प्रतिशत बढ़ी।

# रिलायंस-ब्रुकफील्ड के साथ मिलकर खोलेगी डेटा सेंटर

- साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी

एजेंसी ⏭ चेन्नई



उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कनाडा की ब्रुकफील्ड के साथ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी। रिलायंस ने पिछले साल जुलाई में एक मौजूदा संयुक्त उद्यम में प्रवेश करने के लिए करीब 378 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिसमें ब्रुकफील्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर और अमेरिका के रियल्टी एस्टेट निवेश ट्रस्ट डिजिटल रियल्टी पहले से ही भागीदार थे। इन तीनों की इस उद्यम में 33-33 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। 'तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका समूह नवीकरणीय ऊर्जा तथा हरित हाइड्रोजन के साथ-साथ राज्य में एक डेटा सेंटर स्थापित करने में भी निवेश कर रहा है। अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए कनाडा की ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और अमेरिका स्थित डिजिटल रियल्टी के साथ साझेदारी की है। डेटा सेंटर अगले सप्ताह खोला जाएगा। भारतीय डेटा सेंटर बाजार हाल के महीनों में गौतम अडाणी के अडाणी समूह और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल लिमिटेड के बाद अब रिलायंस के प्रवेश के साथ गर्मा गया है।

## गोदरेज की रसायन इकाई गुजरात में करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रसायन इकाई ने गुजरात के वलसाड में क्षमता विस्तार के लिए अगले चार साल में 600 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रसायन प्रभाग) ने इसके लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत कंपनी वालिया में महत्वपूर्ण विस्तार पर अगले चार वर्षों में 600 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना सकती है। इससे लगभग 250 लोगों को रोजगार मिलेगा।' कंपनी ने कहा कि एमओयू से वालिया में विस्तार का मार्ग खुलेगा। वहां गोदरेज इंडस्ट्रीज के पास पहले से ही एक विनिर्माण इकाई है। गोदरेज इंडस्ट्रीज (रसायन) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल शर्मा ने कहा, 'यह रणनीतिक सहयोग वृद्धि, नवोन्मेष और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'

# ग्रामीण स्टार्टअप के लिए बेहतर आपूर्ति श्रृंखला जरूरी



**नई दिल्ली।** ग्रामीण स्टार्टअप अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रमों के वास्ते मजबूत आधार तैयार रहे हैं, क्योंकि जमीनी स्तर के उद्यमी को सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला, सब्सिडी, बेहतर बुनियादी ढांचे और कोष तक आसान पहुंच की दरकार हैं।

बजट तथा लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर स्टार्टअप को उम्मीद है कि सरकार विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देगी। हालांकि , पिछले कुछ साल में विभिन्न नीतिगत बदलावों से उनके समग्र प्रदर्शन में सुधार हुआ है। क्रिनी स्पाइसेज के संस्थापक प्रदीप कुमार यादव ने कहा, "भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को पुराने उपकरण, अप्रभावी आपूर्ति श्रृंखला, खराब बुनियादी ढांचे और सीमित वित्त उपलब्धता जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकार हमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद करेगी ताकि हम अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात कर सकें। क्रिनी स्पाइसेस को मार्च 2017 में शुरू किया गया था। इसमें 22 प्रत्यक्ष और 100 से अधिक अप्रत्यक्ष कर्मचारी हैं। कंपनी ने 2022-23 में 4.19 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

### कच्चे माल का आयात आसान हो सके

कृषि फिल्म और औद्योगिक पैकेजिंग फिल्म का विनिर्माण करने वाली पुणे की आइरिस पॉलीमर्स के संस्थापक अरुण अवातडे ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति और बिक्री श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद कर सकती है ताकि कच्चे माल का आयात तथा तैयार उत्पादों का निर्यात आसान हो सके।

# समर्थन मिले तो 90 अरब डॉलर होगा देश में जूता चप्पल उद्योग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश के जूता-चप्पल (फुटवियर) उद्योग का आकार 2030 तक तीन गुना से अधिक होकर 90 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि इस उद्योग को जूता आयात पर प्रतिबंध, राजकोषीय प्रोत्साहन, अधिक डिजाइन केंद्र और ताइवान के अनुबंधित विनिर्माताओं को यहां दुकानें स्थापित कराने जैसे उपाय किए जाएं, तो यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा।

- उद्योग का आकार 2030 तक तीन गुना से अधिक होगा

आर्थिक शोध संस्थान वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 26 अरब डॉलर के भारतीय फुटवियर बाजार के 2030 तक 90 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें कहा गया, 'यह वृद्धि मुख्य रूप से दो भारत में गैर-चमड़े के जूते (जैसे खेल के जूते, दौड़ने के जूते, कैजुअल वियर और स्नीकर्स) की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि कर इसकी बाजार हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक 75 प्रतिशत करने और चमड़े के जूते के उत्पादन में लघु-स्तरीय, कुटीर उद्योगों से बड़े कॉरपोरेट की ओर बदलाव करना। इस क्षेत्र के लिए आठ कदमों का सुझाव देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को घरेलू कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थानीय उत्पादन का समर्थन करना चाहिए और तैयार जूते के 'आयात को रोकना' चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, 'आज कई ब्रांड भारत में चीन या वियतनाम में बने जूते बेचते

### भारत जूतों के सामान का उत्पादन नहीं करता

इसने सुझाव दिया कि सरकार प्रीमियम जूते बनाने के लिए आवश्यक सामग्री के लिए पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना शुरू करे क्योंकि भारत जूता बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान का उत्पादन नहीं करता है। इनमें आउटसोल मोल्ड, ग्लू, एथिलीन विनाइल एसिटेट (ईवीए) ग्रैन्यूल शामिल हैं।

# एफएमसीजी कंपनियों को एकल अंक वृद्धि की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली अग्रणी कंपनियां अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। तिमाही आधार पर उपभोक्ता मांग में सुधार हुआ है, जिसके चलते एफएमसीजी कंपनियों को अक्टूबर-दिसंबर में निम्न से मध्य एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। डाबर, मैरिको और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने अपने तिमाही आंकड़ों को जारी करते हुए कहा है कि ग्रामीण बाजार में उपभोक्ता मांग कम रही है। कंपनियां धीरे-धीरे बढ़ोतरी को लेकर आशान्वित हैं क्योंकि मात्रा में सुधार के रुझान के साथ खपत में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं।

# टोयोटा ने वाहनों के दाम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाए



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक जनवरी, 2024 से वाहनों की कीमतों में 0.5 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। यह वृद्धि चुनिंदा मॉडल और कुछ संस्करणों पर की गयी है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कहा कि बढ़ती लागत की आंशिक रूप से भरपाई के लिए यह वृद्धि आवश्यक थी।

इसमें कहा गया है कि इसका ध्यान रखा गया है कि कीमत वृद्धि का ग्राहकों पर कम-से-कम प्रभाव हो। इसको ध्यान में रखते हुए समग्र मूल्य समायोजन को नियंत्रित किया गया है।


# जोमेटो समेट रही दुनिया से कारोबार एक साल में बंद की 10 सब्सिडरी

- कंपनी का सारा ध्यान अब भारत पर होगा
- पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमेटो ने सारी दुनिया से अपना कारोबार समेट लिया है। कंपनी ने पूरा फोकस सिर्फ भारत पर लगाने का फैसला किया है। जोमेटो ने पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत दुनियाभर में फैली अपनी 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेच दिया है।

&nsp;गुरुग्राम स्थित जोमेटो ने मार्च, 2023 से लेकर अब तक 10 कंपनियों को बेच दिया है। कंपनी ने इसी हफ्ते स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि जोमेटो वियतनाम कंपनी लिमिटेड और पोलैंड के ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म गेस्ट्रोनोची को बेचने का फैसला लिया गया है। यह फैसला कॉस्ट कटिंग के चलते लिया गया। इसके साथ ही जोमेटो ने 10 देशों में कारोबार बंद कर दिया है।




### कनाडा व अमेरिका में भी समेट चुकी है कारोबार

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने 2023 में जोमेटो चिली एसपीए, पीटी जोमेटो मीडिया इंडोनेशिया , जोमेटो न्यूजीलैंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड , जोमेटो ऑस्ट्रेलिया , जोमेटो मीडिया पुर्तगाल यूनिपेसोल, जोमेटो आयरलैंड , जॉर्डन एवं चेक रिपब्लिक लंचटाइम और जोमेटो स्लोवाकिया को बंद कर दिया था। इससे पहले कंपनी कनाडा, अमेरिका, फिलिपींस, ब्रिटेन, कतर, लेबनान और सिंगापुर में भी अपने बिजनेस बंद कर चुकी है।

### दो तिमाही से लाभ में चल रही कंपनी

वित्तीय वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, जोमेटो के पास 16 सब्सिडरी, 12 स्टेप डाउन सब्सिडरी और एक एसोसिएट कंपनी थी। इनमें जोमेटो पेमेंट्स, ब्लिंकिट कॉमर्स और जोमेटो फाइनेंशियल सर्विसेज शामिल थीं। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाही में शुद्ध लाभ हुआ है। उसने जून तिमाही में 2 करोड़ रुपए और सितंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी का रेवेन्यू 71 फीसदी बढ़कर 2,848 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

### कारोबार पर नहीं पड़ेगा कोई असर

लगभग सभी मार्केट से बाहर निकलने के बावजूद जोमेटो अभी भी इंडोनेशिया, श्री लंका और यूएई में कारोबार चला रही है। कंपनी ने कहा कि इन सब्सिडरी को बंद किए जाने के बावजूद उसके कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेशी बाजारों में कंपनी का एक्टिव बिजनेस ऑपरेशंस नहीं था।

## कैपिटल हिंसा की तीसरी बरसी पर ट्रंप ने बाइडेन पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैपिटल हमले की तीसरी बरसी पर हिंसा में शामिल लोगों को रिहा करने की अपील की। वह आयोवा में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 6 जनवरी 2021 के हमले को लेकर जेल में बंद लोगों को बंधक बताया। साथ ही कहा कि उनके साथ बाइडन प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था। बाइडेन ने चुनावी अभियान के दौरान बार-बार ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था।

## पाकिस्तान में हमले में चार लोगों की मौत, तीन घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने दो वाहनों पर गोलीबारी की जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) मोहम्मद इमरान ने कहा कि स्वचालित हथियारों से लैस हमलावरों ने पारचिनार से पेशावर जाने वाले रास्ते में दो वाहनों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि खुर्रम जिले के सद्दा बाजार के निकट हुए हमले में मारे गये लोगों में दो सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। डीपीओ ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## नौसेना प्रमुख हरि कुमार की दो टूक, बोले- अब समुद्री डकैतों की खैर नहीं

# समुद्री लुटेरों से निपटेंगे भारत के 6 जंगी जहाज... और भी संख्या बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा में सख्ती बरतते हुए भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती और ड्रोन अभियानों को नियंत्रित करने के लिए 6 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि यह तैनाती समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति हिस्से के रूप में किया गया है। नौसेना प्रमुख ने समुद्री युद्धपोतों की संख्या में बढ़ोतरी की आशा जताई है,जिसका प्रस्ताव सरकार को पहले ही भेजा जा चुका है।



भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने समुद्री लुटेरों को साफ संकेत दिया है कि अगर हरकतों से बाज नहीं आए तो किसी भी कीमत में हम छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने एंटी पाइरेसी एक्ट पारित करने के लिए सरकार की सराहना की है।

- समुद्री सुरक्षा में तैनात किए 6 युद्धपोत अत्याधुनिक उपकरणों से लैस
- अगर लुटेरे हरकतों से बाज नहीं आए तो किसी भी कीमत में हम छोड़ेंगे नहीं

### युद्धपोतों पर जीपीएस जैमर, करेंगे सतह से हवा में मार

एडमिरल हरि कुमार ने बताया कि कुछ युद्धपोतों पर जीपीएस जैमर,सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और लेजर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। एडमिरल ने कहा कि नौसेना ड्रोन रोधी क्षमताओं से अच्छी तरह सुसज्जित है। एडमिरल हरि कुमार ने हाल ही में सफल ऑपरेशन जिसमें सोमालिया तट से अपहृत जहाज एमवी लीला नोरफोक से 15 भारतीयों को बचाने के नौसेना के अभियान का जिक्र किया। उन्होंने संकट में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए नौसेना के समर्पण को जाहिर करते हुए कहा कि नौसेना की त्वरित प्रतिक्रिया और निकासी प्रयासों के परिणामस्वरूप 15 भारतीय नागरिकों सहित सभी 21 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया।

### समुद्री डकैती को रोकने अधिकारियों को सख्त निर्देश

एडमिरल हरि कुमार ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती को रोकने के लिए नौसेना की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि समुद्री डकैती के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए नौसेना अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा पारित हाल ही में लागू समुद्री डकैती रोधी अधिनियम को समुद्री डकैती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नौसेना को सशक्त बनाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि अभी भी दुनिया में बहुत कम देशों के पास इस तरह का कानून है।

### समुद्री कमांडो ने दी अभियान की जानकारी

नौसेना प्रमुख ने बताया कि भारतीय नौसेना के विमानों और ड्रोनों को देखकर समुद्री डाकुओं ने जहाज छोड़कर भाग गए। समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात समुद्री गश्ती विमान(एमपीए) आईएनएस चेन्नई ने लाइबेरिया-ध्वजांकित थोक वाहक की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस ऑपरेशन ने नौसेना की तीव्र प्रतिक्रिया क्षमताओं और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता को जाहिर करता है।

## बिहार के बेतिया में रैली करके पीएम करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत

### लोकसभा चुनाव 2024 का 13 जनवरी से करेंगे शंखनाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा का विशेष ध्यान 40 सीटों वाले बिहार पर है। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को बिहार के बेतिया में रैली कर अपने चुनावी अभियान का आगाज करेंगे।

भाजपा के अनुसार पीएम मोदी बेतिया शहर के रमन मैदान में रैली करने वाले हैं। यात्रा के दौरान पीएम मोदी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी हैं। भाजपा की कोशिश है कि बिहार के सभी 40 सीटों पर जीत मिले। इसके लिए पार्टी पूरी ताकत लगाएगी। जनवरी- फरवरी में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेता बिहार में रैलियां करेंगे। इसके बाद वहां के कई शहरों में रैलियां भी आयोजित करने का कार्यक्रम है। ज्ञात हो कि इस बरा जेडीयू- भाजपा का गठबंधन अभी नहीं हुआ है।



### 15 जनवरी के बाद करेंगे प्रमुख रैलियां

प्रमुख रैलियां 15 जनवरी के बाद होने की उम्मीद है। उस वक्त चुनाव प्रचार प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। नरेंद्र मोदी बेगुसराय, बेतिया और औरंगाबाद में रैली करेंगे। अमित शाह सीतामढ़ी, मधेपुरा और नालंदा में सभा कर सकते हैं। जेपी नड्डा बिहार के सीमांचल और पूर्वी क्षेत्र में रैलियां कर सकते हैं।

### बिहार में होगी एनडीए और 'इंडिया' के बीच टक्कर

बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच चुनावी टक्कर होने वाली है। भाजपा अभी विपक्ष में है। वहीं, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के महागठबंधन की सरकार है।

### पीएम मोदी का 'टास्क' पूरा करने का प्रयास

पीएम मोदी ने विधायक, पदाधिकारी और मोर्चा अध्यक्षों के लिए कुछ टास्क दिए हैं। इन टास्क को पूरा करने की दिशा में पार्टी ने काम शुरू कर दिया है। शनिवार को भाजपा कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित कुछ चुनिंदा नेताओं के बीच वार्ता हुई। प्रदेशाध्यक्ष, संगठन महामंत्री और संघ से जुड़े कुछ लोग जयपुर में एक गुप्त जगह पर बैठक की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भी कुछ मुद्दों पर बैठक में चर्चा की। बैठक में संघ से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार सुबह पीएम से राज्य के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने पीएम को गणेश की प्रतीकात्मक स्मृति चिन्ह और पारंपरिक एक शॉल भेंट की।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### हेल्पर/ब्रायलर

**आवश्यकता है-** प्लांट में हेल्पर एवं ब्रायलर में कोयला डालने हेतु आदमी की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड़** 9026710700. (RO-1691)

### कुक

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में शाकाहारी खाना बनाने महिला कुक की आवश्यकता है। काम का समय सुबह 10 से 1 और शाम को 5 से 7 तक, वेतन 6000/- **संपर्क करें 8120289207.**(RO-1075)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरूष, महिला एंव टेली आपरेटर (फिमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी फारेस्ट कॉलोनी के पास गली नं. 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.**(आरो-1877)

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी दुकान में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। **लक्ष्मी सेल्स गली नंबर 1, के.के. रोड़ जय स्तंभ चौक विनारबार के बाजू रायपुर** (RO-57)

हरिभूमि

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

**आवश्यकता है-** फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 7828656506.**(RO-1690)

### फर्नीचर शो रूम

**आवश्यकता है-** महंत फर्नीचर शो रूम में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है **पताः- महंत फर्नीचर पंडरी रायपुर छ.ग.** HDFC Bank **के सामने मों. 9826243376, 9575254649.** (RO-1072)

**आवश्यकता है-** टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड , मोवा थाना के सामने, रायपुरः मोबाइलः 9827109679. (RO-420)

### इंजीनियर/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु इंजीनियर -3, मार्केटिंग - 5,स्टोर कीपर -2, कंप्यूटर ऑपरेटर -2, हैल्पर, वेल्डर, फिटर की अवश्यकता है संपर्क -पाल बॉडी वर्क्स, टाटीबंध चौक,रायपुर। **मोबाइल - 90398 57933, 9685697933.**(RO-419)

### मैनेजमेंट कार्य

**आवश्यकता है-** पैकेजिंग फैक्टरी में मैनेजमेंट कार्य हेतु स्मार्ट एवं पढ़ी लिखी युवती की आवश्यकता है। **संपर्क- 9329446000.**(RO-1694)

हरिभूमि

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिये अनुभवी लड़को की आवश्यकता है **संपर्कः- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा काली माता मंदिर के पास रायपुर 9827114645.**(RO-2404)

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क रायपुर मोबाइल नंबरः- 9827918086, 9685688086.** (RO-2407)

### मशीन ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** फ्लैक्सो ग्राफिक प्रिंटिंग मशीन में कटिंग मशीन चलाने एवं प्रिंटिंग मशीन में हेल्परिंग कार्य हेतु हेल्पर की आवश्यकता है। **संपर्क- 9669672100.**(RO-1693)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कंप्यूटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लड़के एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158** (RO-Meet.)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी हेतु सिविल सुपरवाइजर की आवश्यकता, 2 पद ( अनुभव न्यूतम 3 वर्ष) भिलाई दुर्ग के लोगो को प्राथमिकता **संपर्क : 211,खिचारिया कॉम्प्लेक्स नेहरू नगर चौक, भिलाई (8962805541)** (RO-383)

### वेल्डर/मिस्त्री

**आवश्यकता है-** गोंदवारा स्थित मेसर्स आर्या मेलेबल इंडस्ट्रीज में वर्कशॉप में अनुभवी लेथ मशीन वेल्डर टर्नर मिस्त्री के कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं डी.आई गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्कः- सुबह 9:00 बजे से 6:00 बजे सायं तक रिंगरोड नंबर.2 रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे अनुग्रह रेजिडेंसी के पास गेट के सामने शंकर भगवान मंदिर गोंदवारा रायपुर छत्तीसगढ़ **मोबाइल नंबरः- 9893156983, 9303664588.**(RO-2403)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वीं 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस आवास फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना। **सम्पर्क करे 9685388875, 8827688865** (RO-32471)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD DEPARTMENT) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (35400- 83900) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 09310717928.** (RO-2358)

**आवश्यकता है-** Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 15000- 45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें - 07903284986** (RO -6700)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8695963713.** (RO - 1306)

**आवश्यकता है-** बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417.(RO-1310)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 08882895824.** (RO-2369)

### Education शिक्षण

**शीर्षक-फेल विद्यार्थी समय बचाए-** पत्राचार ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं, 12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515 (RO- 6313)

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। **पताः-** 2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg **संपर्कः- स्वामी कुलदीप जी 8059178317.** (RO-2387)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज , रूठें मनाना, ग्रहकलेश , कियाकराया, दवाई ना लगना , कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) 7347259119. (RO-12146)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** (धोखेबाजों से सावधान) महिंद्रा फाइनेंस आधारकार्ड, पर्सनल, मार्कशीट बिज़नेस कम समय आसान किस्तो पर घर बैठे लोन पाएं अपना रोजगार बढ़ाए (ब्याज 2%) (फाइलचार्ज लोन द्वारा) जरुरतमंद **संपर्क करे** 8307770239.(RO-1309)

### Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** भूमि **बेचना है रजिस्ट्री फ्री भिलाई- दुर्ग से नज़दीक शिवनाथ नदी के पास, फार्म हाऊस के लिए 12 एकड़ में फ्रेश कटिंग प्लॉट मात्र 151/- रू. वर्गफीट में उपलब्ध है। मो.न. - 9827423470.** (आरो न.- 382)

**प्लॉट उपलब्ध है-** प्राइम लोकेशन आईआईटी भिलाई के पास आवासीय डायवर्टेड प्लाट मात्र 499/- रूपये में उपलब्ध है। **संपर्क करेंः-मो :- 78287-81009.** (RO -371)





विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### फ्लैट

**फ्लैट बेचना है- फ्लैट नं. 301, 302 तीसरे फ्लोर में कुल 1555 Sqft. में बना हुआ 4 बेडरूम, हाल, किचन, सर्वेंट रूम, स्टोर रूम, सर्वसुविधायुक्त फ्लैट बेंचना है। पता- श्रीराम रेसीडेंसी शंकरनगर बाटल हाऊस के पास रायपुर संपर्क करें- 9977345867** (RO - 1065)

### मकान

**मकान बेचना है-** शिक्षक नगर दुर्ग के सड़क 3 का पहला पूर्वमुखी मकान प्लाट (33x33) कुल 1069 वर्गफुट, 1000 वर्गफुट में 3BHK पक्का मकान बना है। मकान के तीन तरफ रोड है **संपर्कः- 9425596643.**(RO-2400)

### For Rent किराया

**किराये से देना है-** 500 वर्गफुट + 500 वर्गफुट के दो पक्के सर्वसुविधायुक्त गोदाम किराए से देना है। **संपर्क विवेकानंद आश्रम के सामने, रायपुर ( छ. ग. ) मो. 78693-94859.**(RO-4211)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पत्ति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण
आपकी परेशानी का मात्र
1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिनः सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

गुप्त रोग चिकित्सा



मशीनों द्वारा जांच
मात्र 1 दिन में ईलाज
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- वीर्य में शुक्राणुओं की कमी
- सेक्स से भय • बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- लिंग में छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन
- पेशाब में धातु जाना • स्वपन दोष

विशेष ईलाज :- वात रोग, बवासीर, पथरी, सफेद दाग, पेट में गैस, कब्ज रोग, खून की कमी, कमजोरी, गन्जापन, बाल झड़ना
आरोग्य केयर चिकित्सालय
सोसायटी वस्त्र भंडार के सामने, जलेबी चौक, पावर हाउस, भिलाई
मो.: 98936 59105
समयः सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र



1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिस्ट्रोस्कोपी

संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

# रणजी ट्रॉफी : पुजारा ने प्रथम श्रेणी में ठोका 17वां दोहरा शतक, 258 मैच में बनाए 19812 रन

एजेंसी ▸▸ राजकोट

रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले चरण में चेतेश्वर पुजारा ने शानदार बल्लेबाजी की है। सीजन के पहले मैच में ही उन्होंने दोहरा शतक जड़ा दिया है। उन्होंने झारखंड के खिलाफ 356 गेंद में नाबाद 243 रन बनाए। यह रणजी ट्रॉफी में उनका आठवां दोहरा शतक है। अब वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उनसे आगे नौ दोहरे शतक लगाने वाले पारस डोगरा है।

पुजारा अब 17 प्रथम श्रेणी दोहरे शतक के साथ हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश की बराबरी पर हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने के मामले में डॉन ब्रैडमैन (37), वैली हैमंड (36) और पैट्सी हेंड्रेन (22) के बाद चेतेश्वर पुजारा का नाम है। पुजारा के नाम तीन प्रथम श्रेणी तिहरे शतक भी हैं, जिनमें से आखिरी अक्टूबर 2013 में वेस्टइंडीज ए के खिलाफ आया था।



356 गेंद में बनाए नाबाद 243 रन

## पुजारा ने लक्ष्मण को पछाड़ा

पुजारा ने इस पारी के दौरान कुछ बड़े रिकॉर्ड्स बनाए। पुजारा अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। पुजारा (19812 रन) ने वीवीएस लक्ष्मण को पछाड़ दिया, जिनके फर्स्ट क्लास कॅरियर में 19730 रन थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सुनील गावस्कर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं। गावस्कर ने 348 फर्स्ट क्लास मैचों में 51.46 की औसत से 25834 रन बनाए, जिसमें 81 शतक और 105 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं सचिन ने 310 फर्स्ट क्लास मैच खेलकर 57.84 की औसत से 25396 रन बनाए। सचिन के नाम पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 81 शतक और 116 अर्धशतक दर्ज हैं। राहुल द्रविड़ 23794 रनों के साथ इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं।



### दोहरे शतकवीर

| खिलाड़ी | दोहरा शतक |
|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन | 37 |
| वैली हैमंड | 36 |
| पैट्सी हेंड्रेन | 22 |
| चेतेश्वर पुजारा | 17* |
| हर्बर्ट सटक्लिफ | 17 |
| मार्क रामप्रकाश | 17 |

## सौराष्ट्र ने बनाई 436 रनों की बड़ी लीड

पुजारा की शानदार पारी के दम पर सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी 578/4 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। झारखंड ने अपनी पहली पारी में 142 रन बनाए थे, यानी सौराष्ट्र को 436 रनों की बड़ी लीड मिली है।


## फर्स्ट क्लास में 61 शतक

*पुजारा ने अबतक 258 फर्स्ट क्लास मैचों में 19812 रन बनाए हैं। पुजारा ने इस दौरान 61 शतक और 77 अर्धशतक लगाए हैं। पुजारा का टेस्ट कॅरियर काफी शानदार रहा है। 35 वर्षीय पुजारा अब तक 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बना चुके हैं।*

## टीम इंडिया के लिए किया दावा

*पुजारा ने इस पारी के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में अपनी वापसी दावा मजबूत कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने खासा निराश किया था। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इन दोनों खिलाड़ियों की जगह चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। पांच टेस्ट की यह सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी। पुजारा ने आखिरी टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था, जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप



### अभ्यास मैच खेलेंगे नीदरलैंड, नामीबिया

**जोहानिसबर्ग।** नीदरलैंड और नामीबिया की टीमें इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका के टी20 लीग एसए20 की टीमों के साथ अभ्यास मैच खेलेंगे। नीदरलैंड और नामीबिया के खिलाड़ियों को एसए20 में खेलने वाले कई शीर्ष खिलाड़ियों का सामना करने का मौका मिल सकता है। एसए20 लीग बुधवार से शुरू हो रहा है। नीदरलैंड का सामना सनराइजर्स ईस्टर्न केप, पार्ल रॉयल्स और एमआई केपटाउन से होगा, जबकि नामीबिया जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

### शिविर के लिए 41 खिलाड़ियों का चयन

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में सोमवार से शुरू होने वाले जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 41 सदस्यीय टीम घोषित की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन 2023 में घरेलू चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोच तुषार खांडेकर के पास रिपोर्ट करनी होगी।




### स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई करेगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चिकित्सा टीम के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लेग स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई कर सकता है। अबरार तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच भी नहीं खेल पाए थे। पाकिस्तान की टीम के चिकित्सक, फिजियो और ट्रेनर से परामर्श लेने के बाद पीसीबी की चिकित्सा पैनल ने बोर्ड के अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि अबरार ने पिछले साल भारत में खेले गए विश्व कप से ही उपचार प्रक्रिया के प्रति लापरवाही बरती।



### अफरीदी को विश्राम दिया गया था : हफीज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में विश्राम दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में शनिवार को पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। हफीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बाद कहा, 'हमने शाहीन के कार्यभार को देखते हुए उन्हें विश्राम देने का फैसला किया था।



## टेनिस : फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराया

# ऐलेना बनी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन ग्रिगोर ने 6 साल में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▸▸ ब्रिस्बेन

ऐलेना रयाबकिना ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त रयाबकिना ने फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराकर अपने कॅरियर का छठा खिताब जीता तथा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता नमूना भी पेश किया।

इससे पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जो सात मुकाबले हुए थे उनमें से पांच में सबालेंका ने जीत दर्ज की थी लेकिन रविवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी रयाबकिना के ग्राउंडस्ट्रोक्स का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट : 1**


सबालेंका ने पिछले साल रयाबकिना को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था लेकिन यहां पहले सेट में उन्होंने अपनी तीन सर्विस गंवाई। रयाबकिना ने पहला सेट केवल 24 मिनट में जीता।

**सेट : 2**

रयबाकिना ने दूसरे सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने तुरंत ही अगले गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगाया।



### दिमित्रोव ने रूने को हराया



*पुरुष एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने को 7-6 (5), 6-4 से हराकर छह साल में अपना पहला खिताब जीता। यह मैच दो घंटे 13 मिनट तक चला और केवल एक बार किसी खिलाड़ी की सर्विस टूटी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिमित्रोव ने टाइब्रेकर में यह सेट अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट के आठवें गेम में रून की सर्विस तोड़कर 4-3 से बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीता। विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव का यह कॅरियर का नौवां और 2017 में एटीपी फाइनल्स के बाद पहला खिताब है।*



### गॉफ ने लगातार दूसरी बार जीता ऑकलैंड क्लासिक का खिताब

*ऑकलैंड। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को यहां फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। गॉफ ने स्वितोलिना को 6-7 (4), 6-3, 6-3 से हराया। पूरे सप्ताह में यह पहला अवसर था जबकि गॉफ को तीन सेट तक जूझना पड़ा। वह बिना सेट गंवाए फाइनल में पहुंची थी। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने पिछले साल यहां बिना सेट गंवाए खिताब जीता था। लेकिन इस बार फाइनल में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 23 मिनट तक चला। गॉफ 2018 और 2019 की चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।*

## टीम इंडिया का ऐलान

# रोहित, कोहली और गिल की टी20 टीम में वापसी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए, रविवार को घोषित भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है।

इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है। समझा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर से मुलाकात के दौरान दोनों ने खुद को इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध बताया था। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड़ को चोट के कारण बाहर रखा गया है। ये सभी अपनी-अपनी चोट से उबरने में नाकाम रहे। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम है। यह जून में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी बाइलेटरल सीरीज है।रोहित और विराट ने देश के लिए अपना पिछला टी20 मैच 10 नवंबर 2022 को विश्व कप में खेला था।

टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और रविंद्र जडेजा का नाम नहीं है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी को मोहाली में पहला मैच खेलेगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः इंदौर और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

*भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।*

# रोस ब्रांच ने जीता डकार रैली का पहला चरण



एजेंसी ▸▸ अल हिनाकिया

हीरो मोटोस्पोर्ट्स के राइडर रोस ब्रांच ने डकार रैली के बाइक वर्ग का पहला चरण शनिवार को यहां अपने नाम कर इतिहास रचा।

ब्रांच की इस जीत से भारतीय बाइक निर्माता कंपनी पहली बार डकार रैली में किसी चरण की तालिका के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंच गयी। डकार रैली का यह 46वां सत्र है जिसके सऊदी अरब में लगातार पांचवें साल इसका आयोजन हो रहा है। दुनिया के सबसे मुश्किल रैली रेस में से एक डकार रैली के बाइक वर्ग में 136 राइडर ने अल उला से अल हिनाकिया के बीच हुए पहले चरण में भाग लिया।


## चोटिल राशिद की जगह पोलार्ड बने एमआई केपटाउन के कप्तान

केपटाउन। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को रविवार से शुरू होने वाले एसए20 लीग के लिए चोटिल राशिद खान की जगह एमआई केपटाउन का कप्तान नियुक्त किया गया है। एमआई केपटाउन ने पहले अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद को अपना कप्तान नियुक्त किया था लेकिन वह चोट से नहीं उबर पाए हैं। इस फ्रेंचाइजी ने मीडिया को जारी बयान में कहा, 'राशिद खान अभी चोट से उबर रहे हैं और खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। एमआई केपटाउन उनके शीघ्र फिट होने की कामना करता है।' राशिद खान को भारत के खिलाफ होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके इसमें खेलने की संभावना नहीं है। इस बीच एमआई अमीरात ने वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरण को आईएलटी20 के लिए अपना कप्तान नियुक्त किया।

# रियल मैड्रिड और एटलेटिको ने अंतिम 16 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

रियल मैड्रिड ने चौथे डिवीजन के क्लब अरंडिना को आसानी से 3-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से जोसेलु, ब्राहिम डियाज और रोड्रिगो ने गोल किए। अरंडिना की टीम शुरू से जूझती नजर आई।



रियल मैड्रिड के डिफेंडर नाचो फर्नांडीज ने अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल करके उसका खाता खोला। एटलेटिको मैड्रिड भी अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहा। उसने तीसरे डिविजन के क्लब लूगो को 3-1 से हराया। मेम्फिस डेपे ने एटलेटिको की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किए। उनके अलावा एंजेल कोरिया ने भी एटलेटिको की तरफ से गोल किया। लूगो की तरफ से एकमात्र गोल 39वें मिनट में लिएंड्रो एंटोनेटी ने किया। अन्य मैचों में गिरोना ने एल्ची को 2-0 से, गेटाफे ने एस्पेनयोल को 1-0 से और रेयो वैलेकैनो ने दूसरे डिवीजन के क्लब ह्यूस्का को 2-0 से पराजित किया।



## आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया

**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शानदार गेंदबाजी के बाद एलिसे पैरी के 21 गेंद में नाबाद 34 रन की मदद से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर ला दी। भारतीय आल राउंडर दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन भी टीम के काम नहीं आ सका जिन्होंने पहले 31 रन की पारी खेली और फिर 22 रन देकर दो विकेट झटके। डीवाई पाटिल स्टेडियम में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय बल्लेबाज शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सकीं जिससे मेजबान टीम आठ विकेट पर 130 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य 19 ओवर में चार विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया।

## वापसी में महज एक टूर्नामेंट में खेलने के बाद लिया फैसला

# राफेल नडाल चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

राफेल नडाल ने चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया जबकि उन्होंने 12 महीने तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी में केवल एक ही टूर्नामेंट खेला था। नडाल ने कहा कि उन्हें अपने सर्जरी हुए कूल्हे की चिंता है क्योंकि शुक्रवार को ब्रिसबेन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के तीसरे सेट में उन्हें 'मेडिकल टाइम आउट' लेना पड़ा था जिसमें वह जोर्डन थाम्पसन से हार गए थे।

इस 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा था कि उन्हें शुरू में 'टेंडन मुद्दे' के बजाय यह मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या लगी थी। पिछले साल इसी दौरान उन्हें 'टेंडन' की समस्या से काफी दर्द झेलना पड़ा था। लेकिन उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेलबर्न में आने के बाद हुए स्कैन में पता चला है कि उनकी मांसपेशी में एक छोटा सा घाव है और इसके



उपचार के लिए वह वापस स्पेन जा रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, 'इस समय में उच्चतम स्तर के पांच सेट के मैच में हिस्सा लेने के लिए तैयार नहीं हूं। मैंने इस वापसी के लिए पूरे साल बहुत कड़ी मेहनत की थी और जैसा कि मैंने हमेशा जिक्र किया है कि मेरा लक्ष्य तीन महीनों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना का है। मेरे लिए दुखद खबर है कि मैं मेलबर्न में दर्शकों के सामने नहीं खेल पाऊंगा, यह बहुत बुरी खबर भी नहीं है क्योंकि हम सत्र के लिए सकारात्मक बने रहेंगे।'

### दो मैच जीते एक हारे

नडाल ने कहा, 'मैं वास्तव में यहां आस्ट्रेलिया में खेलना चाहता था और मुझे कुछ मैच खेलने का मौका मिला जिन्होंने मुझे काफी खुश और सकारात्मक बनाया।'
नडाल ने अपने पहले दो प्रतिस्पर्धी मैच जीते जिसमें उन्होंने डोमिनिक थिएम (पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी) और वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले आस्ट्रेलियाई जेसन कुबलर को हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें दूसरे सेट में तीन मैच प्वांइट मिले लेकिन नडाल तीनों गंवा बैठे।
आस्ट्रेलियाई ओपन 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।



# दुनिया की सबसे असामान्य इमारतें, कोई बास्केट जैसी तो कोई घूमती है 1 घंटे में 360 डिग्री

**नई दिल्ली।** जब कला वास्तुकला से मिलती है तो अनोखी और आकर्षक संरचनाओं का ही निर्माण होता है। ये संरचनाएं मानव कल्पना की रचनात्मकता और डिजाइन संभावनाओं की असीमित क्षमता के प्रमाण के रूप में काम करती हैं। संरचनाओं के तौर पर आज हम दुनिया की अनोखी इमारतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो वास्तुकला के बारे में हमारी सोच को बदलती हैं।

## जायद नेशनल म्यूज़ियम (अबू धाबी)



जायद नेशनल म्यूज़ियम अबू धाबी के सादियात द्वीप पर स्थित है। इसमें इंसानों द्वारा बनाए गए एक टीले से निकलने वाले 5 पंख के आकार के टावर हैं। ये फाल्कन विंग संरचनाएं सोलर थर्मल टावर हैं, जो इमारत में ताजी हवा खींचने के लिए चिमनी के रूप में कार्य करती हैं। इस इमारत में कई तरह की यूनिक चीजें भी हैं।

## बास्केट बिल्डिंग (अमेरिका)

अमेरिका के नेवार्क में स्थित एक 7 मंजिला इमारत है, जिसका आकार एक बड़ी टोकरी जैसा है इसलिए इसका नाम बास्केट बिल्डिंग है। कभी यह लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय हुआ करती था, जो हाथ से बनी लकड़ी की टोकरियां बनाने के लिए जानी जाने वाली कंपनी है। साल 2017 में स्टीव कून नाम के एक स्थानीय डेवलपर और हिस्टोरिक नेवार्क बास्केट समूह ने इसे लगभग 9 करोड़ में खरीदा था।



## द क्रुकेड हाउस (पौलेंड)

पोलैंड के सोपोट में स्थित इस इमारत को स्थानीय भाषा में क्रिजवी डॉमेक कहते हैं। साल 2004 में निर्मित द क्रुकेड हाउस एक शॉपिंग सेंटर का हिस्सा है। यह लगभग 4,000 वर्ग मीटर तक फैला है। इसकी छत एक ड्रैगन जैसी नीले-हरे रंग की टाइल्स से सजी हुई है, जबकि इसकी घुमावदार दीवारें और खिड़कियां एक बिगड़ी हुई तस्वीर के समान दृश्य प्रभाव पैदा करती हैं।

## म्यूज़ियम ऑफ पॉप कल्चर (अमेरिका)

अमेरिकी राज्य वाशिंगटन के शहर सिएटल में स्थित म्यूज़ियम ऑफ पॉप कल्चर को मोपॉप के नाम से भी जाना जाता है, जिसे साल 2000 में बनाया गया था। इस म्यूज़ियम को देखकर ऐसा लगता है कि किसी ने इसे गिटार की तरह बनाकर तोड़ दिया हो। मोपॉप के अंदर 140,000 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में फैले इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों का एक समूह है और इसकी एंट्री फीस 28 डॉलर यानी 2,316 रुपये है।

## सुइट वोलार्ड, यानि घूमती हुई बिल्डिंग (ब्राजील)

क्या आपने कभी ऐसी इमारत देखी है, जो अपने आप घूमती है? शायद नहीं। ब्राजील में मौजूद सुइट वोलार्ड दुनिया का पहला घूमने वाला होटल है, जो साल 2001 में बनकर तैयार हुआ था। इसमें 15 मंजिल हैं, जो एक घंटे में 360 डिग्री घूमती हैं। प्रत्येक मंजिल क्लॉक वाइस और एंटी-क्लॉक वाइस, दोनों दिशाओं में घूम सकती हैं।



## सड़क हादसे में समाजसेवी विश्वजीत मित्रा की मौत



**नांदघाट।** रविवार शाम बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में बिलासपुर से लौट रहे समाजसेवी विश्वजीत मित्रा की कार अनियंत्रित होकर नांदघाट के पास पलट गई। घायल श्री मित्रा को प्राथमिक उपचार के बाद नवागढ़ अस्पताल भेजा जा रहा था, इसके पहले उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा शाम करीब 4 बजे के आसपास नांदघाट के निकट स्थित एक ढाबे के पास हुई। बिलासपुर से लौट रहे श्री मित्रा की रिट्ज कार अचानक अनंयत्रित हुई और सड़क पर पलटी मारते हुए एक मंदिर से टकराकर रुक गई। बताया जाता है कि सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद भी श्री मित्रा कार से स्वयं बाहर निकले और इसके बाद बेहोश होकर नीचे गिर गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नवागढ़ अस्पताल भेजा जा रहा था, इसी बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## खेतों में जुताई से पहले मनाते हैं टोकरी से मछली पकड़ने का त्योहार

एजेंसी ⏭ जम्मू

कश्मीर के पंजथगांव में हर साल मई के महीने में धान के खेतों की जुताई से पहले गांव के बुजुर्ग मछली पकड़ने जाने के लिए एक दिन चुनते हैं। ऐसा माना जाता है कि चुना हुआ दिन पूर्वजों की आत्माओं को खुश करने वाला होता है। इस अवसर पर बुजुर्ग प्राचीन कश्मीरी टोकरी का इस्तेमाल करके मछली पकड़ते हैं। लोगों का मानना है कि ऐसा करने से उनकी फसल अच्छी होगी। इसके अलावा कब्रिस्तान में जाकर अपने परिजनों की कब्रों पर चावल और फूल अर्पित करते हैं। इस त्यौहार के दौरान लोग एक दूसरे को बधाई देते हैं। बड़े-बुजुर्ग अपने से छोटे लोगों को उपहार भी देते हैं।



"हमारा उद्देश्य सिर्फ मछली पकड़ना ही नहीं है। यह हमारे पूर्वजों के समय से चली आ रही एक परंपरा है," स्थानीय निवासी शब्बीर अहमद कहते हैं। "इसके पीछे एक बड़ा उद्देश्य है, झरने की सफाई। इससे पीने और सिंचाई के लिए अच्छा पानी साल भर मिलता रहता है।"

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371




जोड़ों के दर्द से समझौता न करें
अभी कॉल करें
7876977777







Authorised Main Dealer:- RAIPUR- .SAI TVS Fafadih Tel 9821661674. BHARAT TVS G.E. Road Tel 9111499111 HIRA TVS Telibandha Tel. 8527434712 AVVNI TVS Lodhipara Tel. 9630098300, SAI TVS Lalpur Tel 6262222900 SAI TVS Aarang Tel 6262626001, DURG- SSD TVS Tel. 8602816642. BHILAI- ISHAN TVS Tel. 8871212121 8602121212. SACHDEV TVS Tel. 7722909249, 9826122334., LCK TVS Tel. 7587093217. DHAMTARI- SCOOTER HOUSE TVS Tel. 8305690952., KANKER- AAYESHA TVS Tel. 9821660146. , JAGDALPUR- MAHAVEER TVS Tel. 9111001971, 224409. DANTEWADA :- BASTAR TVS Tel. 9821661781. DALLIRAJHARA- GURUDEV TVS Tel. 7303658472. MAHASAMUND- AJAY TVS Tel. 9179917004, 8719850001. KONDAGAON- BHARAT TVS Tel. 7786296611. BALODABAZAR- KANIKA TVS Tel. 8979428844. KAWARDHA - Shri Gurunanak TVS Tel. 9993309707, BEMETARA - Shri Arihant TVS Tel. 7000629201.
Authorised Dealer:- Rajim - Arihant Automobiles Tel. 9826113240. Gariyaband - Dikesh Motors Tel- 8720000334. Abhanpur - Om Auto Tel-9893369485. Goharpadar - Ganesh Auto Care Tel. 8319380089. Nawapara - Shri Kushal Auto Tel. 8839487677, Chhura - Patel Automobiles Tel. 8889994949. Pakhanjur - Bengal Cycle and Auto Parts Tel. 9425593572. Charama - N Sai Automobiles Tel. 9039179813. Keshkal - Harsh Automobiles Tel. 7000818373. Kurud - Bhilai Auto Tel. 8982652500. Neora ( Tilda) - Pratik Automobiles Tel. 9300414173. Donde Khurd - R M Motors Tel.9826133734. Sukma - P R Automobiles Tel. 9479011000. Bagbhara - Khalsa Auto Care Tel- 9300210400. Bagbhara - Kaunain Auto Tel- 9685864876. Komakhan - Kanij Auto Care Tel. 9685864876. Jhalap - Shri Balaji Automobiles Tel. 8120004100. Bhanupratapur - Subhash Motors Tel- 9755249656. Birgaon - Om Shree Motors Tel. 8839096897. Chandkhuri Farm - Deepak Auto Tel. 9754500040. Bhanpuri - Kunal Automobiles Tel- 9425516644. Mana Basti - Mani Motors Tel- 8319025275. Ambagarh Chowki - Bharat Auto Tel. 9827196076. Dongargaon - Bharat Auto Tel. 9827196076. Pandatarai - Shri Sai Motor's Tel. 8305728281. Dongargarh - Reyansh Auto Tel. 7415344077. Pandariya - Jyoti Agency Tel. 9893592635. Utai- NAVNEET MOTORS Tel. 9981072555. Patan - Dev Auto Tel. 9981086462. Gurur- GURUDEV MOTORS Tel. 9907796983. Junwani Road - Darsh Motors Tel. 7000414216. Thankhamariya - Shubham Motors Tel. 8085529444. Anda - Siya Motors Tel- 9893533628 Nagpura - Abhi Motors Tel. 9893237240. Bhatapara - Indian Motors Tel. 9302622777. Simga - Avneet Motors Tel. 9300643500. Risali - Naresh Motors Tel. 7898368258. Mohla - Shubham Motors Tel. 9399757956. Balod - Sourabh Motors Tel. 9111151115 MANABASTI - MANI MOTORS Tel. 8319025275. Kumhari- Laxmi Auto Tel. 9770492802. Bijapur - Dhanlaxmi Auto Tel. 9399587930. NAGARNAR - Shri Automobiles Tel. 7606090102 BASNA - Ajay Motors Tel. 7694994962, 8719850001. Kharora - Pratik Automobiles Tel. 8269934173. NAGRI - DIKESH AUTO Tel. 9981761572, Bande - Ramkrishna Auto Tel. 6267093399.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com